फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 63, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 31 मार्च 2023

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मंदिर में बावड़ी की छत धंसी, 13 लोगों की मौत, 17 को बचाया

इंदौर में रामनवमी पर बड़ा हादसा

इंदौरः इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में बावड़ी की छत धंसने से 25 से ज्यादा लोग उसमें गिर गए। खबर लिखे जाने तक मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी था। इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी पर बावड़ी की छत धंसने से 13 लोगों की मौत हो गई। 40 फीट गहरी बावड़ी में 30 से ज्यादा लोग गिरे थे। बावड़ी से कुल 11 शव निकाले गए, जबकि पुलिस ने रस्सियों की मदद से 19 लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया। बावड़ी में चार से पांच फीट पानी है। इधर मंदिर में दर्शन करने आए एक बच्चे का कुछ भी पता नहीं चला है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने 13 लोगों की मौत की पुष्टि की है। बावड़ी से निकाली गई 11 डेडबॉडी में से 10 महिलाओं की है। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि इंदौर के बालेश्वर महादेव मंदिर में बावड़ी पर बनी छत धंसने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभी तक हादसे में हम 13 लोगों को खो चुके है। मौके पर प्रशासन रेस्क्यू कार्य में जुटा हुआ है। हादसे की जांच के आदेश भी दिए जा चुके हैं। जिन लोगों का बचाव किया गया है, उनका सकुशल इलाज किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री रेस्क्यू की मॉनिटरिंग कर रहे

घटनास्थल पर कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और एमवाय अस्पताल की मेडिकल टीम पहुंच चुकी है। राहत और बचाव कार्य जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर कलेक्टर और कमिश्नर से फोन पर चर्चा की। उन्होंने रेस्क्यू तेज करने के निर्देश दिए।बॉक्सआंध्र प्रदेश के वेणुगोपाल मंदिर में आग लगीआंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले में रामनवमी पर बड़ा हादसा होने से बच गया। यहां के वेणुगोपाल मंदिर परिसर में पंडाल में शार्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई। पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं।

रेस्क्यू टीम ने सभी श्रद्धालुओं को मंदिर से बाहर निकाल लिया है। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंदिर के आस-पास के इलाके में लोगों की आवाजाही रोक दी गई है।

प्रदेश सरकार लोगों के साथ खड़ी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सपना संगीता रोड स्थित स्नेह नगर में हवन के दौरान हादसा हुआ। लोग बावड़ी की छत पर बैठे थे। वजन से उसकी छत टूट गई और लोग नीचे गिर गए। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है।

पीएम ने सीएम को फोन कर जाने हालातः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात कर स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है।

हवन के कारण मंदिर में भीड़ थीः प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंदिर में हवन चल रहा था। इस दौरान बावड़ी वाले हिस्से पर काफी भीड़ हो गई। इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे, जो आगे हो रहे हवन को देखने के लिए बावड़ी वाले हिस्से पर बैठे थे।

दीवार धंसने से छत गिरने की आशंकाः बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर में निर्माण और खुदाई का काम चल रहा है। आशंका है कि यह भी हादसे की वजह हो सकता है। कुछ रहवासियों ने चूहों के कारण कुआं खोखला होने की बात भी कही है।

अयोध्याः भये प्रगट कृपाला... रामजन्मभूमि, कनक भवन

अयोध्याः राम नवमी के अवसर पर गुरुवार को दोपहर के 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित अस्थाई मंदिर, कनक भवन व दशरथ महल सहित राम नगरी के सभी मठ मंदिरों में घंटा-घड़ियाल बजने लगा। भगवान का जन्म होते ही ह्यभये प्रगट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी...की ध्वनि से पूरी अयोध्या एक साथ गुंजायमान हो उठी। इसी के साथ बधाई गीत, सोहर व ढोल नगाड़ों की थाप सुनाई पड़ने लगे। मन्दिरों में जय श्री राम के जयघोष गूँजने लगे। साधु, सन्त, महन्त और श्रद्धालुओं के मध्य श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रामनवमी के उत्सव में शामिल होने के लिए

6 महीने बाद कोरोना के नए केस 3000 से ज्यादा

नई दिल्लीः देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 3016 केस मिले हैं। यह आंकड़ा 1 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा है। 1 अक्टूबर को 3,375 केस सामने आए थे। 6 महीने के बाद बुधवार यानी 29 मार्च को कोरोना के नए केस फिर 3 हजार से ज्यादा आए। 1,396 कोरोना मरीज ठीक हुए, जबकि 14 संक्रमितों की मौत हो गई। देश में फिलहाल 12,589 एक्टिस केस हैं। डेली पॉजिटिविटी रेट 2.73% रहा। इसका मतलब हर 100 टेस्ट पर दो से तीन मरीज मॉजिटिव मिल रहे हैं।

सड़क, बिजली, आवास, पूरी होगी सबकी आस : सीएम योगी

गोरखपुरः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सड़क, आवास, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। यदि किसी को इन सुविधाओं को लेकर कहीं कोई समस्या है तो उसका जल्दी निराकरण किया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या रह गई है, उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाएगा। किसी गांव-मोहल्ले में सड़क की दिक्कत रह गई है तो वहां सड़क मरम्मत या निर्माण होगा। बिजली के बकाया बिल भी बोझ नहीं रहेंगे, पुनरीक्षित कराकर किस्तों में भुगतान की सुविधा दी जाएगी। गुरुवार को कन्या पूजन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में एक महिला ने सीएम योगी से आवास के लिए गुहार लगाई। इस पर उन्होंने कहा कि निराश या परेशान मत हों, सरकार उनके लिए जल्द ही आवास की व्यवस्था कर देगी। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में कोई भी गरीब बेघर नहीं रहना चाहिए। किसी के पास जमीन न होने के कारण आवास नहीं है तो उसके लिए जमीन की व्यवस्था करते हुए सरकारी योजना के तहत आवास बनाकर दिया जाए। एक अन्य महिला ने अपने मोहल्ले में सड़क की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़क बनवाने का निर्देश दिया।

बकाया बिजली बिल पुनरीक्षित कराकर किस्त भी बांधेंगेः एक महिला अपने बकाया बिजली बिल की समस्या लेकर सीधे मुख्यमंत्री के ही पास पहुंची थी। महिला बिल भुगतान के लिए किस्त बांधने की सुविधा चाह रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परेशान मत हों, बकाया बिल जमा करने को किस्त तो बंधवाएँगे ही, यथासंभव बकाया कम करने को उसके बिजली बिल का पुनरीक्षण भी कराएंगे। अधिकारियों को पहल करने की हिदायत भी दी। सीएम के इस व्यक्तिगत पहल पर महिला अभिभूत हो गई। सीएम ने इसके आलावा जनता दर्शन में आए पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों पर उन्होंने त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक कार्यवाही का निर्देश दिया। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को भी इलाज का भरोसा दिया।

राहुल गांधी पर जर्मनी के बयान पर विवाद!

भाजपा-कांग्रेस में टकराव, दिग्विजय के ट्वीट पर भड़के रिजिजू-सीतारमण

नई दिल्ली राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के मामले पर जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है। जिस पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने खुशी जाहिर की है और जर्मनी के विदेश मंत्रालय को धन्यवाद कहा है। हालांकि इसे लेकर राजनीति शुरू हो गई है और केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर कहा है कि भारत किसी भी आंतरिक मामले पर विदेशी दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

दिग्विजय सिंह ने कहा धन्यवादः दिग्विजय सिंह ट्वीट करते हुए लिखा कि 'धन्यवाद, जर्मनी विदेश मंत्रालय और रिचर्ड वॉकर, जिन्होंने इस पर ध्यान दिया कि किस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाने के लिए लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।' दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने तुरंत पलटवार किया है। किरेन रिजिजू ने दिग्विजय सिंह के ट्वीट के जवाब में लिखा कि 'विदेशी ताकतों को भारत के अंदरूनी मामलों में दखल देने के लिए आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद राहुल गांधी। याद रखें, भारतीय न्यायपालिका विदेशी दखल से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब विदेशी ताकतों के दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।'

वित्त मंत्री ने चीन के मामले पर घेराः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी दिग्विजय सिंह के ट्वीट का जवाब देते हुए ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने चीन का मामला उठा दिया। निर्मला सीतारमण ने लिखा कि 'साफ है कि कांग्रेस हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चाहती है।

रामनवमीः संभाजीनगर में दो पक्षों में बवाल, आगजनी, पथराव व फायरिंग में छह घायल

महाराष्ट्र में रामनवमी से पहले दो शहरों में हिंसा

मुंबईः महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में स्थित किराड नगर परिसर में स्थित राम मंदिर के पास बुधवार की मध्यरात्रि में दो समूहों के बीच बवाल हो गया। दोनों पक्षों में जमकर पथराव और आगजनी हुई। उपद्रवियों ने पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की और दो गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस को भीड़ नियंत्रण के लिए फायरिंग करनी पड़ी। इस घटना में छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति पर नियंत्रण किया। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं विपक्ष ने पूरी घटना को प्रायोजित बता रहा है। पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर का नाम छत्रपति संभाजीनगर किए जाने के बाद से यहां तनाव की परिस्थितियां बनी हुई थीं। किराडपुरा में स्थित राममंदिर के पास गुरुवार को रामनवमी की तैयारी की जा रही थी। इसलिए यहां बुधवार की मध्यरात्रि तकरीबन बारह बजे लोग जमा थे। उसी समय एक अन्य समूह ने मंदिर के पास पथराव कर दिया। इसके बाद वहां दोनों पक्षों के बीच जमकर बवाल हुआ। इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को भी पथराव का सामना करना पड़ा। भीड़ ने कई वाहनों को तोड़ दिया और दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए फायरिंग की। इस घटना में छह लोग घायल हो गए, सभी का इलाज नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभाजी नगर जिले के पुलिस आयुक्त निखिल गुप्ता ने बताया कि यहां इस समय स्थिति नियंत्रण में है। यहां बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इस घटना की जांच के लिए अलग से टीम गठित की जाएगी।

गुरुवार को इस घटना को भाजपा और विपक्ष के बीच राजनीति गरमा गई। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इस समय संभाजी नगर में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने आम नागरिकों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

संविधान की कसम खाने वाले कर रहे समाज बांट रहे : स्वामी प्रसाद

सुलतानपुरः पूर्व कैबिनेट मंत्री व सपा एम एल सी स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा, "हमारा संविधान पंथनिरपेक्ष राष्ट्र की कल्पना करता है। तो वहीं पर संविधान की कसम खाने वाले प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री हिंदू राष्ट्र की मांग करते हैं। जो अपने आप में संविधान विरोधी है।" स्वामी प्रसाद ने आगे कहा कि संविधान की कसम खाने वाले लोग समाज के लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। हिंदू मुस्लिम का नारा देकर भाईचारे का कत्लेआम कराने पर लगे हुए हैं। जिले में बुधवार को पहुंचे मौर्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सम्राट अशोक के जमाने में हमारे राष्ट्र की सीमा इराक और ईरान से लगी हुई थी। नित्य प्रति भारत खंड-खंड होता गया। आज उसके कई टुकड़े हो गए लेकिन सत्ता में बैठे हुए लोग स्वर्ण अक्षरों में इतिहास में नाम दर्ज कराने वाले सम्राट अशोक को भूल गए हैं। जिनका कोई योगदान नहीं था उनको आदर्श के रूप में स्थापित करते हैं।

कन्या पूजन कर सीएम योगी ने की मातृ शक्ति आराधना

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर गुरुवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र (नवीन भंडारा भवन) में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। सीएम ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में सीएम योगी ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत, आदि का तिलक लगाया। दुर्वा से अभिषेक किया। चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने नौ कन्याओं का पूजन करने के बाद वहां मौजूद करीब तीन सौ की संख्या में कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से घण्टी बजाकर आरती भी उतारी। सभी को मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने तिलक लगाया। इन सभी को भी चुनरी व गमछा ओढ़ाकर दक्षिणा प्रदान किया गया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया।

करते रहे आत्मीय बातचीतः कन्या पूजन के अनुष्ठान के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्याओं व बटुकों से निरंतर आत्मीयता से बातचीत करते रहे। भोजन व्यवस्था की कमान खुद संभालकर यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। पूजन के दौरान काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, चचाईराम मठ के महंत पंचानन पुरी, गोरखनाथ मंदिर के द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, अमित सिंह मोनू, विनय गौतम आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

हिमाचल में स्थापित होगा निवेश ब्यूरोः सीएम सुक्खू

शिमलाः हिमाचल प्रदेश सरकार निवेशकों को एकल छत सुविधा तंत्र के माध्यम से व्यापार में सुगमता और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में विलम्ब को कम करने के लिए प्रदेश में निवेश ब्यूरो की स्थापना कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रस्तावित निवेश ब्यूरो पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश ब्यूरो पुरानी एकल खिड़की प्रणाली के स्थान पर कार्य करेगा और इसे निवेश प्रस्तावों को स्वीकृतियां प्रदान करने की शक्तियां होंगी। उन्होंने कहा कि इस निवेश ब्यूरो की स्थापना उद्योग विभाग के अंतर्गत की जाएगी और सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को इसमें शामिल किया जाएगा ताकि निवेशकों को प्रदेश में

उद्योग मित्र वातावरण प्रदान किया जा सके और उन्हें निवेश से संबंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि निवेशकों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान हो और कार्य में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए दण्डात्मक प्रावधान भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए ब्यूरो में दो समितियां होंगी, एक कार्यकारी समिति होगी जो निवेश ब्यूरो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के तहत दैनिक आधार पर निवेश मामलों की निगरानी करेगी जबकि दूसरी समिति मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित की जाएगी, जिसके माध्यम से निवेश प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि निवेश ब्यूरो की स्थापना का उद्देश्य अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाना है, जिससे निवेशकों को आवेदन करने के पश्चात तुरन्त अपना कार्य शुरू करने में सुविधा होगी।

जन औषधि केंद्र से सस्ती और कारगर दवा मिलने से लोगों का बढ़ा विश्वास : मांडविया

देहरादूनः केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन गुरुवार को देहरादून के कैनाल रोड स्थित जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र में सस्ती दवाई और उसका लाभ मिलने से न केवल आम लोगों को राहत और सुविधा मिल रही है अपितु लोगों में भरोसा भी बढ़ा है। देश में इसकी लोकप्रियता बढ़ने का ही परिणाम है कि 20 लाख लोग दवा केन्द्र पर मुलाकात करते हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जीटीसी हेलीपैड पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया का स्वागत किया। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने औषधि केंद्र के संचालक और औषधि केन्द्र के ग्राहक से भी बात की। एक महिला ग्राहक ने बताया कि महिला हमेशा अपने घर की सेविंग के लिए जानी जाती है। हम लगातार जन औषधि केंद्र से दवा खरीदते हैं। यहां पर दवा सस्ती और किफायती होने के साथ कारगर भी रहती है। इससे हमारी आर्थिक बचत भी होती है। उन्होंने दवा संचालक से और उपस्थित अधिकारियों से जानकारी भी ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम लोगों को सस्ती और सर्व सुलभ दवा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं ताकि किसी की मृत्यु दवा के अभाव में ना हो। इस उद्देश्य को लेकर जन औषधि केंद्र खोलने की योजना को लाया गया है। एक कैंसर की दवा बाइक लुटा माइट बाजार में 800 सौ रुपये में मिलती है।

खबर संक्षेप

पहले पिता फिर बेटे ने बेची जमीन रिपोर्ट दर्ज

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के नीबी गांव में एक ही जमीन की दो बार रजिस्ट्री कर दी गई। बाद में जमीन खरीदने वाले ने जमीन पर कब्जा भी कर लिया। पहले खरीदार ने विक्रेता, क्रेता सहित आधा दर्जन पर कोर्ट के आदेश पर जलशजी, गबन का केश दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नीबी निवासी कुलदीप तिवारी मुंबई में प्राइवेट जॉब करते हैं। उन्होंने बताया कि गांव के बरमदीन से 1994 में दो बिस्वा जमीन खरीदा था। जिस पर वह कब्जा भी था । आरोप है कि बरमदीन के पुत्र शारदा प्रसाद ने अब उसी जमीन से दुबारा बेच दिया। खरीदने वाले जब उस जमीन पर कब्जा करने लगे तब कुलदीप को जानकारी हुई इस दौरान वह मुंबई में था 112 से फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। 2 दिन पहले कोर्ट के आदेश पर झूंसी पुलिस ने नीबी निवासी शारदा प्रसाद, राधा यादव सराय इनायत दक्षिणी कोटवा निवासी आशीष सिंह, प्रदीप यादव अंकुर दुबे संदीप पाल के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

संजय कुदेशिया को बनाया गया वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक

दो वर्ष पूर्व मिली थी कार्यकारी निदेशक की जिम्मेदारी, इफको परिवार में खुशी, वरिष्ठ अधिकारियों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। विश्व की अग्रणी सहकारी उर्वरक निर्माण इकाई - इफको फूलपुर के ईकाई प्रमुख संजय कुदेशिया को वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक बनने पर इफको में खुशी का माहौल है। उनके वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक बनने के पर इफको के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। मूलतः राजस्थान के जयपुर निवासी संजय कुदेशिया को उर्वरक उद्योग के विभिन्न पहलुओं में 35 वर्षो का व्यापक अनुभव है। वह आईटी-बीएचयू, केमिकल ब्रांच के छात्र रहें हैं। वर्ष 1987 में एक स्नातक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में इफको में शामिल हुए संजय कुदेशिया अपनी कर्त्तव्यपरायणता एवं प्रतिबद्धता के चलते आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उनको विरिष्ठतम पदभार मिलने पर ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने फोन द्वारा, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एमडी मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, पीके सिंह, संजय भंडारी पीके पटेल, रत्नेश कुमार व अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव के साथ ही समस्त विभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष व इफको परिवार ने मिलकर बधाई दी।

वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक बनने पर संजय कुदेशिया को बधाई देते इफको के अधिकारी

भारत ही नहीं विदेशों में भी दिखाई अपनी कार्यकुशलता

इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक बने संजय कुदेशिया ने भारत में ही नहीं मिस्त्र व ओमान में भी इफको के संयुक्त उधमो में कार्य कर अपनी पहचान बनाई। बरेली स्थित इफको आंवला संयंत्र, उड़ीसा स्थित पारादीप संयंत्र को चालू करने में उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वाभाव से मिलनसार प्रवृति के कुदेशिया हैं किसानों के हितेच्छु

इफको के कर्मचारियों ने बताया कि एक केमिकल इंजीनियर होने के बावजूद वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक कुदेशिया जी के पास पास मानव संसाधन के लिए एक मजबूत स्वभाव है। उनमें एक अनुभवी नेतृत्व क्षमता हैं। साथ ही वो भारत के कृषि क्षेत्र में संतुलित उर्वरक, उर्वरक की गुणवत्ता और किसान की आय बढ़ाने के पक्ष में नीतियों और रणनीतियों को लागू करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

नैनो यूरिया व आक्सीजन प्लांट परियोजनाओं में है महत्वपूर्ण भूमिका

वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र के स्थापना एवं संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक बनने पर प्रबंध निदेशक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

न्यूज झरोखा

मऊआइमा के फोरलेन पर चल रही आढ़त की वजह से किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा

मऊआइमा के सुलतानपुर खास में हर समय वाहन खडी करके अनाजों का लदान होती रहती है

मऊआइमा। मऊआइमा में फोर लेन के पटरियों से लेकर आधी सडकों पर अनाज की आढत चल रही है। जिससे आए दिन जाम की सम्स्या बनी रहती है किसी भी समय बडा हादसा हो सकता है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास स्थित फोरलेन पर आधा दर्जन के करीब आनज की आढत चलती है। जहां हर समय वाहनों की कतार लगाकर वाहनों द्वारा अनाज उतारा जाता है फिर लदान भी होता है। बताते हैं कि जिसके कारण जाम लग जाता है।यही नहीं फोरलेन की पटरियों पर कांटा लगा कर तौल होता है।जहां वाहनों की लम्बी कतार फोरलेन के बीच सडकों पर लग जाती है और अनाजों के बोरा भी तौल के बाद सडकों पर रख दिया जाता है। जिससे किसी भी दिन बडा हादसा यदि होता है कि तो इसका जिम्मेदार कौन होता है। बहरहाल इसी मार्ग से बडे बडे अधिकारियों का आवागमन होता है परन्तु कोई अधिकारी ध्यान नहीं देता है। जब कोई बडा हादसा हो जाएगा तो तब कहीं जाकर शासन प्रशासन की नींद खुलेगी ।

अखंड पाठ के समापन पर हवन और भंडारा

करछना। विकास खण्ड के अन्तर्गत हरदुआ गाँव में स्थित मां बम्बा देवी मंदिर में चल रहा श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ का चौबीस घंटे के बाद समापन हो गया। बुधवार प्रातः से मन्दिर परिसर में क्षेत्रवासीयों द्वारा चैत्र मास की नवरात्रि एवं श्रीरामनवमी के अवसर पर रामचरित मानस के अखंड पाठ चल रहा था, जिसका गुरूवार को समापन हो गया। पाठ के समापन पर हवन यज्ञ हुआ, जिसमें मुख्य यजमान धनंजय द्विवेदी रहे। हवन यज्ञ में जनहित के कल्याण की कामना करते हुए क्षेत्रवासीयों एवं प्रबुद्ध लोगों द्वारा आहूतियां डाली गई। इसके बाद महाआरती की गई। बाद में कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया , जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

जुआं खेलते तीन को पुलिस ने दबोचा

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के बरईपुर गांव स्थित जुए की फड़ पर छापेमारी कर पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर लिया फड़ से ताश के पत्तों के साथ 1200 रुपये भी मिले। चर्चा है कि पकड़े गए युवको के पास से पचास हजार से अधिक रुपये मिले थे। क्षेत्र के कोटवा बरईपुर सहित कई गांव में काफी दिनों से जुए की फड़ संचालित हो रही है गुरुवार को पुलिस ने बरईपुर बाग में जुए की फड़ पर छापेमारी कर राकी सिंह, मिलिंद शुक्ला उर्फ आयूष निवासीगण कोटवा व शिवपूजन उर्फ मधुर निवासी नरायनदास का पूरा थाना झूंसी को गिरफ्तार किया। लोगो की माने तो पुलिस को पकड़े गए युवकों के पास से 50 हजार से अधिक रुपए मिले थे पर पुलिस ने 1200 रुपये ही दिखाया।

भारतीय पत्रकार संघ द्वारा उत्कृष्ट कार्य को लेकर पत्रकारो को किया गया सम्मानित

हरिश्चन्द्र त्रिपाठी बने कार्यवाहक प्रयागराज मंडल अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

मेजा। उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रकारों को सम्मानित किया गया।इस दौरान बैठक में मण्डल अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारीयो की घोषणा की गई।आज गुरुवार को दिन भारतीय पत्रकार संघ की एक बैठक सम्मान समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष नीरज मिश्र की देख रेख में मेजा तहसील के बद्रीनाथ इण्टर कालेज मेजारोड प्रयागराज में आयोजित की गई।जिसमें संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस सम्मान समारोह में समाज को नई दिशा देने तथा अपनी लेख समाचार व सो० चैनल मीडिया के माध्यम से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले पत्रकारों को अंगवस्त्र डायरी, लेखनी तथा माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया।इसी दौरान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज बहादुर श्रीवास्तव ने हरिश्चन्द्र त्रिपाठी को कार्यवाहक मण्डल अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव रखे जिसके बाद सबके सहमति पर संघ के अध्यक्ष ने अपनी मोहर लगायी।सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले पत्रकार पत्रकारिता जगत के पितामह कहे जाने वाले शशिकान्त तिवारी, सरक्षक, राजबहादुर श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,हरिश्चन्द्र त्रिपाठी का0मण्डल अध्यक्ष,अखिलेश अवस्थी, नीरज मिश्र जिलाध्यक्ष प्रयागराज, मुकेश उपाध्याय जिला महामंत्री,आशीष शुक्ला (तहसील अध्यक्ष मेजा)अतुल तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नितिन तिवारी (विधिक सलाहकार) कृष्ण मोहन पाण्डेय,कमल नारायण पाण्डेय, अनिल यादव, सूरज सोनी तहसील उपाध्यक्ष,अवनीश कुमार,सौरभ पाण्डेय, भोलानाथ शुक्ल, प्रवीण कुमार दुबे अन्य कई पत्रकार सम्मानित हुए। दैनिक आशा प्रहरी अरुण मित्र समाचार पत्र से अरुण कुमार द्विवेदी व प्रभात मिश्र।

रामनवमी पर मनाया गया राम जन्मोत्सव

सहसों। वासंतिक नवरात्रि के अंतिम दिन यानी नवमी तिथि को भक्त श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों सहित घरों में मां दुर्गा के नौ रूपों में माता सिद्धिदात्री के रूप में पूजन के पश्चात हवन इत्यादि करके कन्याओं को देवी रूप में पूजन माल्यार्पण एवं आरती उतार कर हलवा पुड़ी का भोजन कराया और दछिड़ा देकर आशीर्वाद प्राप्त किए। तत्पश्चात रामनवमी के अवसर पर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के प्राकट्य दिवस पर जन्मोत्सव को सनातन प्रेमियों के द्वारा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा सेवा समिति के प्रबंधक शिवा कांत पांडे द्वारा शिव मंदिर रामनगर में श्री राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा आदि काल से मानव जीवन के आचरण एवं मयार्दा का मार्ग दिखाने वाले श्री राम के जन्मोत्सव पर लोगों ने भक्ति में लीन होकर भजन कीर्तन किया। श्री राम नवमी के अवसर पर भगवान राम की पूजन, धूप दीप एवं हवन किया गया। अधर्म पर धर्म की विजय एवम आदर्श मानव जीवन के लिए प्रभु श्री राम के चरित्र का अवलोकन करने से मनुष्य जीवन की हर समस्या से मुक्ति पा सकता है। श्री राम चरित मानस ग्रंथ के द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों, आडंबरों, को दूर करने के साथ साथ समाज में धर्म की स्थापना करने का गुण विद्यमान है। घर घर में श्री राम चरित मानस पाठ के द्वारा सद्गुण एवं दुर्गुण में अंतर तथा जीवन की हर समस्या का समाधान प्राप्त होता है। इस अवसर पर समिति की ओर से भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। प्रमुख रूप से विद्या धर पांडे, मनोज त्रिपाठी, गौरव पांडे, निर्मल पांडेय, राधे श्याम पांडे, शुभम त्रिपाठी, शुभम पांडे, सत्यम पांडे, हिमांशु पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

सजा मां का दरबार लगते रहे जय कारे...

अखंड भारत संदेश

झूंसी। कोटवा स्थित मां अन्नपूर्णा बुड्डी मइया मंदिर पर नवमं सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। दिन में हवन रात में माह आरती के बाद माह प्रसाद का वितरण किया गया। आरती के बाद शिव पार्वती, मा काली, राधा कृष्ण की झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। सिद्धिदात्री का रंग रंग बिरंगी चुनरी, फूलों से भव्य श्रृंगार कर नारियल, धूप, दिप, नैवेद्य चढ़ा कर पूजा अर्चना की गई। पं.धर्मेंद्र शुक्ला, पं. आशीष त्रिपाठी ने 9 दिन तक दुर्गा सप्तशती का पाठ किया नवमी पर हवन के साथ पाठ की पूणार्हुति हुई। मंदिर को आकर्षक झालरों के साथ बहुरंगी फूलों से सजाया गया था शाम को महा आरती के बाद शंकर पार्वती, राधाकृष्ण, मां काली की भव्य झांकी निकाली गई। आकर्षक झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। मंदिर के पुजारी अवधेश, शमशेर बहादुर, रतन सिंह, हरिकेश सिंह, महेंद्र प्रताप, हर्षित, अंशू, आर्यन, ओम, अरमान, शान्तनु, विनायक, निखिल, पंकज यादव आदि व्यवस्था में लगे रहे।

गाजे बाजे के साथ राम नवमी पर जंघई में निकली भव्य शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

जंघई। राम नवमी के पावन पर्व पर राम जानकी मंदिर जंघई एवं हनुमान मंदिर सेवा समिति जंघई बैंक ऑफ से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरा अनुसार डीजे ढोल नगाड़ों गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई पूरे जंघई बाजार में निकली। हनुमान मंदिर सेवा समिति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रतापपुर इंजीनियर घनश्याम पांडेय द्वारा भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री राम जानकी मंदिर जंघई में मंदिर के महंथ चंद्रमा दास महाराज के सानिध्यता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंगदल एवं व्यापार मंडल के तत्वावधान में भव्य राम रथ यात्रा निकाली गई जिसमें बडे. बूढ़े बच्चे सभी भक्तिमय गीतों पर थिरकते हुए यात्रा को भव्यता प्रदान किया जगह जगह भक्तों के सेवा के लिए व्यापार मंडल के लोगों ने जलपान की भी व्यवस्था बनाई थी जिसका आनंद भक्तों ने लिया विश्व हिन्दू परिषद् ने रथयात्रा निकालने वाले सभी समितियों एवं भक्तों का हार्दिक धन्यवाद तथा आभार व्यक्त करते हुए सभी के लिए मंगल कामना किया। इस अवसर पर राजेश प्रताप उर्फ राजू भाई, आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक, अशोक दुबे प्रखण्ड अध्यक्ष प्रतापपुर, मंत्री किशन पाठक, संदीप तोगड़िया मंडल अध्यक्ष, कल्लू जायसवाल, अशोक जायसवाल, बबलू जायसवाल, जिम्मी जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, विक्की जायसवाल, आलोक सिंह, गौरव राजपूत, रोहित ब्राह्मण, डिंपी पांडेय, कल्लू पांडेय, इंदिल पांडेय, शैलेश पाठक, मनोज मौर्य, आयुष जायसवाल, विवेक जायसवाल, मनोज दुबे, सुभाष चंद्र, बच्चन मिश्र प्रधान पिलखिनी, कुशलेष दुबे, मनीष जायसवाल, रिंकू मिश्रा, सुमित सोनी, अवधेश जायसवाल, रिक्की जायसवाल, ऋषि जायसवाल, आकाश जायसवाल, सुजीत जायसवाल, बंटी उमर, बोबी यादव, पंकज यादव, सुजीत पाठक, कार्तिक मौर्य सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

रामनगर सिरसा बाजार में निकली गई शोभा यात्रा

सिरसा। गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर राम जन्म उत्सव को लेकर रामनगर बाजार में केसरिया झंडा लगने से समूचा बाजार भगवामय में हो गया। बाजार के समूचे व्यापारियों तथा स्थानीय निवासियों ने अपने घरों पर केसरिया झंडा लगा रखा है।उसी क्रम में पांचवी विशाल भव्य शोभायात्रा लायंस ग्रुप व ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों द्वारा निकाली गई जहां भारी संख्या में लोग एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के जय कारे लगते रहे। शोभायात्रा में पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मेजा ज्ञानेश्वर मिश्रा ने प्रभु श्री राम, लक्ष्मण व हनुमान जी का टीका व माल्यार्पण कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। बता दें कि रामनवमी के दिन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्म दिवस के अवसर पर विशाल भव्य जन जागरण शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भगवान राम की झांकी, महाकाल की झांकी, राधा कृष्ण सुदामा की झांकी, देश भक्ति झांकी शोभायात्रा के आकर्षक केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में पहुंचने वाली झांकियां दूर-दूर स्थानों से आकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करती हैं जिन्हें कार्यक्रम के समापन के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता के रूप में लायंस ग्रुप द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है।

श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन हुआ सुदामा चरित्र का वर्णन

अखंड भारत संदेश

जारी। क्षेत्र के लोटाढ़ गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया इस दौरान कथा स्थल भक्तिमय हो गया पिछले सात दिनों से श्रीमद् भागवत कथा चल रही थी ।कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी भागवत भ्रमर ने बताया कि श्री कृष्ण और सुदामा के बीच अच्छी दोस्ती थी उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची दोस्ती में छल और कपट नहीं करना चाहिए ऐसा करने से पाप होता है । श्री कृष्ण से बचपन में मित्र सुदामा ने कपट किया था ।जिसके चलते सुदामा की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई वर्षों बाद श्री कृष्ण से मिलने पर सुदामा की स्थिति में सुधार हुआ। कथा सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। जिसके साथ ही वातावरण भक्तिमय हो गया लोगों ने श्री कृष्ण के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। और इसी कड़ी में परीक्षित मोक्ष का भी व्याख्यान किया कई ऐसे प्रसंग थे जो अपने मुखारविंद के माध्यम से वर्णन किया ।कथा समाप्त होने के बाद अंत में भागवत भगवान की आरती की गई और लंगर में प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय कुंवर रेवती रमण सिंह , एडवोकेट कमलापति त्रिपाठी, पप्पू सिंह, राजा सिंह ,संजीव सिंह, श्यामाकांत विश्वकर्मा, योगेश सिंह, रंजीत गुप्ता, घनश्याम कोरी पूर्व प्रमुख जसरा, प्रकाश शुक्ल प्रचंड किंठमनी मिश्र, सच्चिदानंद त्रिपाठी ,संतोष शुक्ल बाबा ,बब्बू यादव ,विजय तिवारी छापर, नीरज अंजना श्रीवास्तव, रेनू त्रिपाठी, सुधा पांडेय, प्रभा ,जमुना देवी ,आदि, भागवत प्रेमी कथा पंडाल में मौजूद रहे।

गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है : हरिहर

करछना। जन कल्याण हेतु करछना के लिगदहिया गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा में कथा सुनने के लिए इलाकाई भक्त श्रोता लोगो की भीड़ जुट रही है। प्रयागराज धाम से पधारे कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य हरिहर महाराज जी ने कथा के छठवें दिन कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर मौजूद भक्त श्रोता जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने संगीतमय प्रसंगों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर भी कर दिया । कथावाचक आचार्य हरिहर महाराज ने कहा कि गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है। गोपिया जितना प्रेम जीव को परमात्मा तक पहुंचा सकती हैं । उतना ही परमात्मा भी जीव को पहुंचाता है। उन्होंने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि आखिरकार आततायी कंस का कृष्ण ने बध कर दिया। विवाह प्रसंग सुनाते हुए संगीतमय भजनों पर श्रोता झूमने को विवश हो गए ।कथा के मुख्य श्रोता यजमान फूलचंद्र सिंह व पत्नी अमृता देवी ने कथा व्यास सहित आचार्य लोगो का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया । कथा के आयोजक राजेश सिंह संतोष सिंह व संयोजक नीलेश सिंह बब्लू अरविंद सिंह तथा व्यवस्थापक विनोद सिंह व सूबेदार सिंह ने मौजूद सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया।

शातिर चोरों से भयभीत हैं बाजारों के दुकानदार

अखंड भारत संदेश

सहसों। जहां एक ओर घरों एवं दुकानों में शातिर चोरों के चोरी से आमजन परेशान हैं वहीं यह शातिर चोर दुकानों के बाहर रखी नमक की बोरियां ही चुराने में मशगूल हैं। बीते दो दिनों से लगातार चोर केवल किराना दुकानों के बाहर रखी कई कुंतल नमक की चोरी कर फरार हो चुके हैं। जिससे दुकानदार नमक की बोरियों की रखवाली करने के लिए जगहट कर रहे हैं। चिरौड़ा चौराहे के परचून के दुकानदार कृष्णा गुप्ता की दुकान के बाहर रखी नमक की सात बोरी यानी साढे तीन कुंतल नमक चोरों ने पार कर दिया। वहीं पर बाबूगंज के दुकानदार रामचन्द्र केसरवानी की सात बोरी नमक, रवि केसरवानी की चार बोरी नमक, प्रेमचंद केसरवानी की 6 बोरी नमक एवं सहसों बाजार निवासी राजेश केसरवानी की 6 बोरी नमक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। डरे सहमे दुकानदारों का कहना है कि बाहर रखी नमक की बोरी पर जब चोरों का डाका चल रहा है तो कभी न कभी हमारी दुकान को भी निशाना बना सकते हैं जिससे किराना दुकानदारों में भय व्याप्त है। देखा जाए तो कहीं न कहीं इन चोरियों के पीछे पुलिस की उदासीनता साफ-साफ झलक रही है। रात में गस्त के नाम पर पुलिस आंख मूंद चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस धन उगाही में मसगूल नजर आ रही है।

खबर संक्षेप

प्रयागराज जंक्शन पर वाणिज्य प्रबंधक ने किया औचक निरीक्षण

गंदगी मिलने पर सोपान रेस्टोरेंट पर 25 हजार जुर्माना

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन पर शुक्रवार को वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय हिमांशु शुक्ला द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सभी खानपान स्टालों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने खाने-पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता, साफ सफाई तथा खान-पान स्टॉल से जुड़े जरूरी दस्तावेजों की भी जांच की ' सभी प्रतीक्षालय में पहुंचकर वहां की साफ-सफाई तथा यात्री से संबंधित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आईआरसीटीसी द्वारा संचालित भोजनालय सोपान रेस्टोरेंट पर पहुंचे। वहां साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को देखा। यहां गंदगी देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की और रेस्टोरेंट के ऊपर 25,000 का अर्थदंड भी लगाया। उन्होंने कहा, कि अवैध वेंडरों और ओवरचार्जिंग की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य खानपान निरीक्षक करुणा नंद झा, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राम प्रसाद मीना उपस्थित रहे।

प्रयागराज की मेयर सीट फिर अनारक्षित

टिकट की शुरू हुई भाग-दौड़, पहले ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित थी सीट



अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। काफी कयासों के बाद आज गुरुवार को प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव को लेकर नए परिसीमन और आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी है। प्रयागराज में मेयर पद की सीट इस बार फिर अनारक्षित हो गई है। यहां जनरल सीट होने के बाद सामान्य वर्ग के नेताओं के चेहरे तो खिल गए हैं, लेकिन अन्य वर्ग के नेताओं में मायूसी भी है।दरअसल, भाजपा सामान्य सीट पर सामान्य वर्ग के नेता को ही चुनाव लड़ाती है। कुछ माह पहले जब यहां की सीट ओबीसी घोषित हुई थी तो ओबीसी के कई चेहरे मेयर का चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गए थे। शहर के प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग्स दिखने लगे थे। भाजपा के पास सामान्य वर्ग के कई नए चेहरे भी हैं। जबकि निवर्तमान मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी भी सामान्य वर्ग से ही आती हैं। यदि भाजपा फिर से अभिलाषा गुप्ता नंदी को टिकट देती है तो सामान्य वर्ग के अन्य नेताओं को मायूस होना पड़ेगा।

भाजपा इन नेताओं पर भी लगा सकती है दांव

अभिलाषा गुप्ता लगातार 2 बार से प्रयागराज की मेयर हैं। पहली बार वह बसपा के टिकट से मेयर निर्वाचित हुई थीं। उस समय उनके सामने भाजपा प्रत्याशी कमला सिंह मैदान में थीं लेकिन भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी बार फिर सामान्य सीट हुई और अभिलाषा भाजपा में शामिल हो गईं।भाजपा ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया और वह चुनाव जीतने में कामयाब रहीं। इस बार सामान्य सीट होने से अभिलाषा को एक और मौका मिल सकता है लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मानें तो अभिलाषा गुप्ता को यदि इस बार फिर से टिकट मिलता है तो सामान्य वर्ग के पुराने नेताओं में नाराजगी साफ दिखेगी।वैसे भाजपा के पास सामान्य वर्ग की अन्य दावेदार भी हैं। बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. कीर्तिका अग्रवाल सामान्य वर्ग की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। वहीं, महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी खुद टिकट मांग रहे हैं। डॉ. एलएस ओझा, पार्षद अखिलेश सिंह समेत कई सामान्य वर्ग के नेताओं ने आवेदन किया है।

नैनी आईटीआई में अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है

नैनी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी के प्रधानाचार्य एसके श्रीवास्तव के अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज ने 31 मार्च को अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है इस मेले में आईटीआई अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस प्राप्त करने के लिए मौका मिलेगा। समस्त अभ्यार्थी अपने साथ सभी मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रति के साथ प्रातः 10:30 से 3:30 तक उपस्थित हो सकते इस मेले प्रयागराज लोकल की कई कंपनियां प्रतिभाग कर रही है जिसमें प्रमुख में वीके कनेक्टर, तनु पॉलीमर, यूनाइटेड बजाज, निहारिका इंटरप्राइजेज, सलूशन होम अप्लायंस, लगभग 100 रिक्तियां विभिन्न व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक वेल्डर ,टर्नर कंप्यूटर ऑपरेटर,स्टेनोग्राफी हिंदी आज की मेल फीमेल वैकेंसी रिक्त हैं अभ्यर्थियों को एनएपीयस पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

न्यूज झरोखा

नाटक थर्डबेल के मंच पर संक्रमण की शानदार प्रस्तुति

प्रयागराज। इलाहाबाद की जानी मानी नाट्य संस्था थर्डवेल ने हिंदी के सुप्रसिद्ध कथाकार कामतानाथ की कहानी पर आधारित और नाट्य रूपांतरित नाटक संक्रमण का शानदार मंचन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में किया। वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक नायर द्वारा निर्देशित यह नाटक हास्य व्यंग से लबरेज और चुटीले संवादों के जरिए एक मध्य वर्गीय परिवार के दो अलग अलग पीढ़ी के प्रतिनिधियों के बीच वैचारिक और जीवन मूल्यों के द्वंद को बाखूबी दशार्ता है। थर्ड बेल एक प्रयोगधर्मी नाट्य संस्था है । इस नाटक की डिजाइन सरल सहज और आकर्षक है। बात को कहने के अंदाज में इसकी झलक आसानी से देखने को मिलती है। कथा प्रवाह ने दर्शकों को आरम्भ से अंत तक अपने ग्रिप में रखा। सम्वादों के अदायगी में सभी कलाकारों की टाइमिंग लाजवाब थी। इसीलिए नाटक का संदेश हंसाते गुदगुदाते हुए बहुत कुछ कह गया। ऐसी प्रस्तुतियां दर्शकों को थियेटर तक लाने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाती हैं । जतिन कुमार ,रमा मोंटरोज सहित लगभग सभी कलाकारों का अभिनय बहुत शारदार रहा। इस प्रस्तुति के दौरान सुप्रसिद्ध प्रशासनिक अधिकारी और कला मर्मज्ञ बादल चटर्जी सपत्नीक उपस्थित रहे। उन्होंने प्रस्तुति की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि इलाहाबाद में इतनी अच्छी प्रस्तुति होती है यह उन्होंने कभी सोचा नहीं था। इस प्रस्तुति को देखने के लिए इलाहाबाद के तमाम वरिष्ठ रंगकर्मी उपस्थित रहे। अतुल यदुवंशी, विधु खरे ,अनिल रंजन भौमिक, चित्रा भौमिक, राकेश वर्मा, विकास चौहान आदि की गरिमामय उपस्थिति कलाकारों को प्रेरणा देती रही । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी डॉक्टर आलोक शुक्ला ने किया।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन को लेकर बैठक

मेजा रोड। आगामी 2 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन को लेकर गुरुवार को भाजपाइयों ने बैठक करते हुए कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई। बता दें कि 2 अप्रैल को क्षेत्र के गौशाला कला स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज चंपारण स्टेट में सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक 2 अप्रैल को विद्यालय प्रांगण में बने हॉस्टल का लोकार्पण करने पहुंच रहे हैं उसी को लेकर भाजपाइयों ने बैठक करते हुए रणनीति बनाई। इस दौरान दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक सुशील मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील किया है। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष सिरसा श्याम राज यादव, वरिष्ठ तुलसीदास तिवारी अभियोक्ता नेता उमाशंकर गांधी, पूर्व बार अध्यक्ष मेजा तुलसीदास तिवारी, रमाशंकर निषाद, संबल तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल होंगे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

उदित नारायण पब्लिक स्कूल में लगेगा जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा

रत्योरा। कोरांव तहसील क्षेत्र के देवी बांध ग्राम पंचायत में स्थित उदित नारायण पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से रामचरितमानस पाठ के साथ रविवार दो अप्रैल को उदित नारायण पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि राजमणि कोल सहित डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद रीता बहुगुणा जोशी, जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ त्रिपाठी, क्षेत्रिय भाजपा नेता योगेश शुक्ला सहित कई अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उक्त कार्यक्रम में शिरकत करेंगे । उदित नारायण पब्लिक स्कूल देवी बांध के प्रबंधक रत्नेश प्रसाद ने क्षेत्रीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और मुख्य अतिथियों से अपनी समस्याओं को लेकर रूबरू हो सकते हैं।

सिरसा नगर पंचायत कार्यालय में लगी आग, लाखों का नुकसान

फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

अखंड भारत संदेश

सिरसा। मौसम में जैसे-जैसे गर्मी का समय नजदीक आता जा रहा। वैसे-वैसे आगजनी की घटनाएं भी तेजी के साथ में बढ़ रही है। क्षेत्र में रोजाना कहीं न कहीं आगजनी की घटनाओं से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है।नगर पंचायत सिरसा के पंचायत कार्यालय के स्टोर रूम में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। आग लगने की जानकारी जैसे ही नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम कृष्ण यादव उर्फ पप्पू को हुई तो वह बाजार वासियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए।मामले की जानकारी पर चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड आग बुझाने में जुट गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक स्टोर रूम में रखे सामान जलकर राख हो गए। आगजनी की इस घटना में लाखों का नुकसान हो गया।गनीमत रही कि समय से फायर बिग्रेड पहुंच गयी। नहीं तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। नगर पंचायत अध्यक्ष की तरफ से आगजनी में हुए नुकसान की जानकारी दी। बताया कि लगभग आठ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

माफिया अतीक के समर्थन में पीएम पर अभद्र टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। उमेश पाल अपहरण कांड में माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा का जहां भी लोगों ने खुले दिल से स्वागत किया हैं। वहीं बहरिया क्षेत्र के एक युवक ने इस प्रकरण को लेकर माफिया अतीक अहमद का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी की है। जिसकी जानकारी होने पर भाजपा जिला कार्यसमिति मंत्री कमलेश पाल ने आरोपी के खिलाफ बहरिया थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। गंगापार के बहरिया थाना क्षेत्र के हसनपुर चक मनसूर बाबूगंज निवासी कमलेश पाल भाजपा जिला कार्यसमिति में मंत्री हैं। उन्होंने बहरिया थाने में 30 मार्च को तहरीर देकर बताया कि 29 मार्च को फेसबुक पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के नियत से क्षेत्र के एक युवक ने पीएम मोदी और माफिया अतीक अहमद की जॉइंट फोटो लगाकर उस पर अभद्र टिप्पणी की है। अभद्र टिप्पणी करने वाले का नाम उन्होंने मोहम्मद नफीस सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद रशीद निवासी सिलोखरा, बहरिया बताया है। इस प्रकरण की विवेचना बहरिया थाने के सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार को सौंपी गई है। उनका कहना है कि मुकदमा पंजीकृत हो गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

महात्मा गांधी मेरे स्वप्न में : करन सिंह परिहार (पूर्व अध्यक्ष सीएमपी)

प्रयागराज। बीते दो दिन गांधी को जानने और समझने में बिताया। इसके पहले भी अनेक बार गांधी प्रतिमा का दीदार हुआ। आज एक ऐसा स्वप्न देखा जिसमें महात्मा गांधी से मुखातिब हुआ। मैंने उनका आदर पूर्वक स्वागत किया। स्वप्न में बापू को पाकर मैंने उनसे पूछा आज के भारत को आप किस तरह से देखते हैं उनका जवाब बहुत सहज और सरल आया, आज का भारत मेरे सपनों के भारत से बहुत विपरीत है। मेरे (गांधी) के सपनों का भारत अर्थात " मैं एक ऐसे भारत के लिए काम करूंगा जिसमें सबसे गरीब यह महसूस करेगा कि यह उनका देश है। एक ऐसा भारत, जिसमें कोई उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के लोग नहीं होंगे, एक ऐसा भारत जिसमें सभी समुदाय सद्भाव से रहें।" मैने बापू से प्रश्न किया आज तो लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है और रंग, जाति, वेशभूषा आदि के नाम पर देशवासियों को बांटा जा रहा है। इस पर आपकी राय क्या है अर्थात आप इसको किस रूप में देखते हैं बापू फिर मुस्कुराते हुए कहते हैं, जब सत्ता निरकुंश हो जाती है तो अपने ही देश के लोगों के साथ कुठाराघात, विश्वासघात और अहंकार आदि में प्रचारित करती है जो बहुत खतरनाक है। अगले प्रश्न में मैने बापू से पूछा कि समाज में अधिकांश लोग कहते हैं कि भगत सिंह को बचाने में गांधी ने कोई उपाय नहीं किया, जबकि हकीकत है कि आपने वह हर कोशिश की जिससे भगत सिंह और उनके साथियों को बचाया जा सके इस पर आप क्या कहना चाहते है श्री गांधी कहते हैं कि मैंने भगत सिंह और उनके सभी साथियों को बचाने के लिए कोशिश की, जबकि भगत सिंह की इच्छा थी कि उन्हें तोपों से उड़ाया जाए। मैं यही कहना चाहता हूं, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की कुर्बानियां दुनिया की सबसे सर्वश्रेष्ठ कुबार्नी है। मैने अगला और आखिरी प्रश्न गांधी जी से पूछा कि आज के भारत में जाति,धर्म आदि का बोलबाला है, साथ ही साथ जिस लोकतंत्र को बनाने में देश से अनगिनत क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत दी, उसी देश में पूंजीपतियों का इकबाल बुलंद होता जा रहा है, इस जगह आप होते तो किस तरह इस समस्या से बाहर आते गांधी जी बोले, जब मैं अहिंसा, सत्य और न्याय का मार्ग अपनाया और पैदल यात्रा करता था, लोग पत्थर मारते और सड़क पर कांच बिछाते थे, लेकिन मैं इस सब से विचलित नहीं हुआ और मार्ग प्रशस्त किया और हां! आज के लोकतंत्र में अगर मैं यह कहता कि सामाजिक श्रृंखला में सबसे आखिर में खड़े असहाय व्यक्ति की आवाज बनो, मदद करो, राजधर्म का पालन करो और डरो मत तो निश्चय ही मेरी जगह जेल में होती।

रंगदारी न मिलने पर दी जा रही तरह तरह की धमकियां

कोरांव। शासन की मंशा के अनुरूप सार्वजनिक संपत्तियों से अधिकारियों को बेदखल करने की कार्रवाई से बौखलाए लोग अब ग्राम प्रधान परिवार के पीछे पड़ गए हैं। बता दें कि प्रधान के विपक्षी आए दिन फर्जी मामलों में फंसाने की जहां धमकी देते रहते हैं,भू अतिचारी और अराजक सामाजिक तत्व वही सक्षम अधिकारियों के यहां फर्जी व मनगढ़ंत शिकायतें भी करते कराते रहते हैं। गांव के अन्य लोगों को भी शांति व्यवस्था भंग करने के लिए उकसा ते रहते हैं। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मंडल महामंत्री प्रयागराज अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे इस बार के पंचायत चुनाव में गांव के ग्राम प्रधान बन गए हैं। जिसके बाद उन्होंने शासन के मंशानुरूप व मैनुअल के अनुसार प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए गांव के संपूर्ण विकास का कार्य शुरू किया। गांव में विकास कार्यों को कराने के लिए सरकारी जमीनों से अतिक्रमण भी उन्हें पुलिस और राजस्व टीम के साथ हटाना पड़ा। जिससे गांव में निरंतर अब विकास कार्य हो रहे हैं। जिससे बौखलाए विपक्षी तरह-तरह के फर्जी व मनगढ़ंत आरोप लगाते रहते हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर पाल की दुकान निलंबित कर दी गई थी। कोटेदार से अतिक्रमित जमीन से कब्जा भी हटाया गया था। जिससे खुन्नस खाकर बदला लेने के उद्देश्य से प्रधान के विपक्षियों के उकसाने पर तरह-तरह की धमकी व जातीय संघर्ष कराने की धमकी देता रहता है। कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर पाल के बेटे पवन कुमार पाल पर तकरीबन आधा दर्जन खीरी व कोरांव थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में ग्राम प्रधान को फर्जी व मनगढ़ंत आरोप लगाने के मामले की निंदा अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक महामंत्री ज्ञान सिंह पटेल ने की है। साथ ही उन्होंने अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।

प्रयागराज के अलोपी मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़, गर्भगृह का हुआ भव्य श्रृंगार

अखंड भारत संदेश

ललिता देवी और कल्याणी देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़: वहीं नवरात्रि के अंतिम दिन

प्रयागराज। प्रयागराज के अलोपी शंकरी शक्तिपीठ मंदिर में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जहां श्रृद्धालु सड़क से लेकर मंदिर परिसर के अंदर तक हाथों में फूल माला सहित अन्य पूजन सामग्री लिए कतार में खड़े दिखाई दिए।नवमी पर मां अलोपी शंकरी के गर्भगृह का भव्य श्रृंगार किया गया है। जिसकी एक झलक पाने और दर्शन के लिए श्रद्धालु बेताब दिखे। महिलाएं कन्याओं के गंगा जल से पांव पखारकर, महावर लगाकर उन्हें हलवा पूड़ी, फल और मिष्ठान खिलाकर आशीर्वाद ले रही हैं। जबकि श्रृद्धालुओं के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजयमान रहा।मंदिर परिसर के अंदर बने यज्ञ स्थल पर व्रती महिलाएं अपने परिवार के सुख समृद्धि के लिए परिवार संग यज्ञ अनुष्ठान कर रही हैं। मां को पूड़ी हलवा का भोग लगा रही हैं।

हनुमत निकेतन पहुंचीं तृप्ति शाक्या मंदिर परिसर में लगी रही भीड़

प्रयागराज। गुरुवार को रामनवमी श्रद्धा, उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर मठ-मंदिरों में अनुष्ठान, पूजन किया जा रहा है। घरों में व्रती महिलाओं ने हवन पूजन करने के बाद कन्या पूजन किया और मां से सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन करके जगह जगह कन्या भोज का आयोजन किया गया। शाम को हनुमत निकेतन सिविल लाइंस में गायिका तृप्ती शाक्या पहुंचीं और सुंदर कांड का पाठ कराया। तृप्ती शाक्या के साथ हजारों की संख्या में मंदिर परिसर में मौजूद भक्तों ने सुंदर कांड का पाठ किया। सुंदर कांड के पाठ के बाद भजन संध्या का आयोजन होगा।सिद्धपीठ अलोपशंकरी देवी, ललिता देवी और कल्याणी देवी में सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इन शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। रामनवमी पर सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर से शहर में विभिन्न आयोजन कराए जा रहे हैं। अग्रवाल समाज की ओर से सिविल लाइंस हनुमत निकेतन में भजन संध्या का आयोजन किया गया।यहां शाम 6 बजे से गायिका तृप्ति शाक्या ने सुंदर कांड का पाठ कराया। इसके बाद भजन की प्रस्तुति होगी। पथरचट्टी रामलीला कमेटी की ओर से रामजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां वॉलीवुड के कलाकार जॉली मुखर्जी और मुंबई की गायिका मंजीरा गांगुली आकर्षण का केंद्र रहीं। मंजीरा गांगुली अपनी सुरों का जादू बिखेर रही हैं। साईं मंदिर में शोभा यात्रा निकाली गई और भंडारे का आयोजन किया गया।

जहां मंदिर के मुख्य पुजारी कल्याणी माता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।मंदिर परिसर में यज्ञ करा रहे पंडित अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि वैसे तो मां दुर्गा के अनेक रूप हैं लेकिन वास्तविक नौ रूप है। नव रूप में नवमी पर मां सिद्धिदात्री का दर्शन पूजन और उपासना की जाती है। इसमें महा काली, महा लक्ष्मी और महा सरस्वती तीनों रूपों का वास्तविक रूप है।

दो गोवंश तस्कर गिरफ्तार कंटेनर पलटने से 20 गोवंशों की हुई थी मौत

प्रयागराज। गंगानगर थरवई थाने की पुलिस ने गोहत्या के मामले में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो चापड़, स्विफ्ट डिजायर कार और रस्सी बरामद की गई है। गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि वह लोग कंटेनर में गोवंश को भरकर ले जाते हैं, ताकि पुलिस की निगाह न पड़े और वह अपना धंधा करते रहें। ज्यादातर आवारा पशुओं को पकड़ते हैं और फिर कंटेनर में भरकर सप्लाई करते हैं। मामला गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र के लखरांवा गांव का है। हाईवे पर 23 मार्च को एक कन्टेनर से ट्रक में टक्कर लग गई थी। जिससे कंटेनर पलट गया था। इसकी सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो कंटेनर में कुल 20 गोवंश लदे हुए थे। जिनको बाहर निकाला गया तो 16 गौवंशों की मृत्यु हो चुकी थी, जबकि 4 गोवंश जीवित थे।

कुलभास्कर पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय प्रादेशिक रोवर्स-रेंजर्स का समापन

प्रयागराज। प्रयागराज के कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय प्रादेशिक रोवर्स-रेंजर्स समागम का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत रहे। वहीं छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए, जहां सबने ताली बजाकर प्रशंसा की।कार्यक्रम की शुरूआत स्काउट गाइड के स्लोगन और ध्वजा रोहण के साथ हुआ। वहीं प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागी रूट मार्च, हस्तकला, पेंटिंग, बुनाई , कैंपिंग ,पायनियरिंग, क्विज और झांकियों को दिखाया गया। जहां झांकियों में प्रदेश के लचर शिक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य रोचक झांकियां अतिथियों के सामने प्रस्तुत की गई। जिसे देख अतिथियों सहित अन्य लोगों ने खूब सराहा।

खड़ी ट्रैक्टर में ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर चालक गम्भीर

जारी। कौंधियारा थाना के अंतर्गत जारी गाँव के पास मध्य प्रदेश की तरफ खड़ा इट लदा ट्रैक्टर में पीछे से ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर जिससे ईंट लदा ट्रैक्टर पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी साइड चला गया।ट्रक चालक का दोनों पैर कट गया है । संतोष वर्मा पुत्र राम आसरे निवासी शंकरगढ़ ।सड़क दुर्घटना होते ही लोगो की भीड़ जुट गयी ।सूचना पर पहुँची पुलिस स्थानीय लोगो की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी जसरा भेज कर जांच शुरू की ।

मयरिया मोरी झूलेली निमिया के डार हो गीत पर झूमे भक्त

अखंड भारत संदेश

विकास मिश्रा के साथ ही अन्य गायक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

फूलपुर। नवरात्रि के पावन दिनों में हो रहे माता की जय जयकार के बीच गुरुवार को बसना गांव में चौरा मंदिर पर भक्तों ने माता की अराधना की। भक्तिमय माहौल में प्रयागराज के सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक विकास मिश्रा ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मयरिया मोरी झुलेली निमिया के डार हो, बाड़ी शेर पर सवार रुपवा मनवा मोहत बा, शोर मचा कलकत्ते वाली काली आएगी आदि भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर मां की महिमा का गुणगान किया। गायिका गुड़िया पाठक, श्वेता सरगम ,दिलीप बावरा ,सोनू सुगम ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। कार्यक्रम के आयोजक प्रवीण कुमार, प्रदीप, जमुना प्रसाद, हरिश्चंद्र, शीतला प्रसाद ,एडवोकेट मनोज शुक्ला व चिंतामणि ने मां से मानव कल्याण की कामना की ?मौके पर सैकड़ों की संख्या भक्तगण मौजूद रहे।

राम नवमी पर नैनी बाजार में निकली गई शोभा यात्रा

नैनी। रामनवमी के अवसर पर राम जन्म उत्सव को लेकर नैनी बाजार व्यापारियों तथा स्थानीय निवासियों ने शोभायात्रा निकाली गई जहां भारी संख्या में लोग एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के जय कारे लगते रहे। शोभायात्रा में पहुंचे डीजे भांगड़ा के साथ लोग राम का नाम लेकर झूम रहे थे। भारी संख्या में लोग मौजूद थे राहुल जायसवाल महामंत्री व्यापार मंडल नैनी बाजार के द्वारा रामनवमी भव्य शोभायात्रा जुलूस निकाला गया जिसमें मुख्य रुप से राजेश तिवारी सुरेश तिवारी रामबाबू केसरवानी अर्पित तिवारी लाल जी जयसवाल विजय तिवारी अनुराग साहू राज जायसवाल रोहित जयसवाल प्रियांशु तिवारी विनोद कुमार गणेश केसरवानी पप्पू गोस्वामी संजय तिवारी रोहित चौधरी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

राम नवमी पर शोभा यात्रा निकाली

नैनी । श्री राम जानकी सेवा समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई राम नवमी के उपलक्ष्य में श्री रामजन्मोत्सव धर्मसभा एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो की राम नवमी के एक दिन पू र्व 29 मार्च को भव्यता से मनाया गया , जिसकी शुरूआत कन्यापूजन कर के संत समाज की उपस्तिथि में विशाल धर्मसभा लगाई गई उसके पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई जो की वृंदावन गार्डन से होकर भंडरा से लौट कर डांडी, खान चौराहा, इंदलपुर, एफ सी आई होते हुए पुनः आयोजन स्थल पर समाप्त हुई, कार्यक्रम आयोजक के रूप में प्रशांत जी (गंगाधर महाराज), भूपेंद्र, तीरथ,अमितभान,सुरेश प्रधान, अजय, अभिमन्यु, सूरज, अनिकेत, रॉकी, आकाश, शेरू, विजय, अनुज, गौतम एवम समस्त हिन्दू युवा वाहिनी परिवार एवम पतंजलि युवा भारत परिवार, वेटर्न्स इंडिया(सैनिक संगठन) अन्य संगठन मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर चिलबिला में बड़े धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के समय भक्तों ने श्री हनुमान मंदिर चिलबिला तालाब पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया।

पूरे मंदिर को फूल माला और विद्युत झालरों से सजाया गया था। सुबह से ही भक्त पूजन अर्चन कर रहे थे। सुबह 9 बजे सुंदरकांड का पाठ शुरू हुआ। 12 बजे प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल व महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने भगवान के जन्मोत्सव के पश्चात भगवान का पूजन अर्चन कर आरती उतारी। महिलाओं ने मंगल गीत व सोहर गाकर प्रभु राम का जन्म दिवस मनाया।

प्रभु श्री राम भगवान, माता जी, हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की कि प्रभु अपने भक्तों का कष्ट हरते रहे। विश्व का कल्याण करें हम सब भक्तों को इसी प्रकार अपने चरण शरण में लगाए रखें यही कामना है। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक कपिलदेव, बजरंग लाल, सूरज उमरवैश्य, राकेश कुमार, आदर्श कुमार, लालजी, बबलू, छेदीलाल, सूरज कुमार, अजय, संतोष कुमार, सोनू, सनी, आशीष कुमार, सुरेश माली, देवानंद, प्रमोद उमरवैश्य, प्रशांत पांडे, विष्णुकांत मिश्रा आदि सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

विहिप ने निकाली रामरथ के साथ शोभा यात्रा

अखंड भारत संदेश

शोभा यात्रा में शामिल विहिप पदाधिकारी।

प्रतापगढ़। विश्व हिन्दू परिषद् कार्यकताओं द्वारा आयोजित रामोत्सव के उपलक्ष्य में प्रखंड सड़वा चंद्रिका धाम से बाबूगंज नगर में गाजा बाजा डीजे रामरथ के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। उक्त कार्यक्रम में विभाग मंत्री रजनीश तिवारी, विभाग संयोजक नवीन बजरंगी, जिला मंत्री राजन, जिला सह संयोजक दीपक दूबे, अंकित सरोज, राधे मोहन, प्रखंड अध्यक्ष रामदेव शर्मा, हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह, हिन्दू महासंघ अनुज सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील, गौर रक्षा प्रमुख मोनू पांडेय, रोहित, मोनू आदि लोग उपस्थित रहे।

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

एनएसएस शिविर के समापन पर मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य

लालगंज, प्रतापगढ़। गुरुवार को स्थानीय क्षेत्र स्थित शांति जगदीश महाविद्यालय अर्जुनपुर में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार ने कहा की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व व चरित्र के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक करना होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सारीपुर प्रधान राम सिंह पटेल व अरुण सिंह ने की। वहीं अध्यक्षता करते हुए राम सिंह ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से छात्र व छात्राओं के अंदर सर्वांगीण विकास होता है। इस मौके विद्यालय की निर्देशिका नीतू सिंह, पूर्व प्रमुख रमेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रशांत वर्मा, विनोद सिंह, मधुलिका सिंह समेत छात्र व छात्राओं के साथ क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अपहरण के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना अंतू के उ0नि0 शिवचन्द्र यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना क्षेत्र के लोहियानगर बैरियर के पास से मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 से सम्बन्धित एक अभियुक्त शिवकुमार यादव पुत्र रामदेव यादव निवासी गुलाल मिश्र का पुरवा चण्डेरिया थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

नमाज में विवाद के दौरान कुल्हाड़ी से किशोर की हत्या, आक्रोश

हमलावर के घर हुई तोड़फोड़ व आगजनी, पुलिस ने संभाला मोर्चा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के कादीपुर गांव में बुधवार रात नमाज पढ़ने को लेकर हुए विवाद में एक किशोर की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब साढे. नौ बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही आक्रोष फैल गया। गांव वालों ने हमलावर के घर भी धावा बोल दिया। उसके घर में भी तोड़फोड़ व आगजनी की गई है। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस पहुंची और किसी तरह मामले को शांत कराया। घटना के बारे में बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी कासिम का बेटा तालिब (17) गांव के कुछ लोगों के साथ रात में नमाज पढ़ने मस्जिद में गया था। वहां उनके बीच विवाद हो गया। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्ष में कहासुनी बढ़ गई। इस दौरान लोगों ने तालिब को कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन और गांव के लोग उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां से प्रयागराज रेफर किया गया लेकिन उसकी मौत हो गई थी। जानकारी मिलने पर पुलिस कादीपुर गांव पहुंची। आरोपित घर से फरार हो गए थे। शहर कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया कि नमाज के दौरान हुई मारपीट में किशोर की मौत की बात सामने आई है। घटना की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जाएगी। आक्रोषित परिजनों ने हमलावरों के घर के सामने कब्र खोद डाला। इस दौरान पुलिस पहुंच गई और मोर्चा को संभाला गया।

किशोरी के अपहरण पर अज्ञात के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बुधवार की रात लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। भदारीकला निवासी दिनेश कुमार के पुत्र दीपक कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि अटठाईस मार्च को उसके घर से अज्ञात आरोपी उसकी मौसी की सत्रह वषीर्या बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले गया। अज्ञात आरोपी द्वारा शाम सात बजे घर के समीप से सुनेहा के भगा ले जाने को लेकर परिजन परेशान हो उठे। सुनेहा का पता न चलने पर अप्रिय वारदात की आशंका मे पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर बुधवार की रात पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का दर्ज किया ।

उपमुख्यमंत्री आज मेडिकल कालेज के नए भवन का करेंगे लोकार्पण

एक अप्रैल से मेडिकल कालेज के नए भवन में होगा मरीजों का इलाज

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक 31 मार्च को राजकीय मेडिकल कालेज के पुरुष अस्पताल में बने नए भवन का लोकार्पण करेंगे। बताया जाता है कि एक अप्रैल से नए भवन में ही ओपीडी चलेगी। इसके अलावा आईसीयू तथा आपरेषन थियेटर भी अब इसी भवन में होंगे।

उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। उप मुख्यमंत्री विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे तथा भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं से मिलेंगे, अतः उप मुख्यमंत्री जहां जहां जाएंगे, वहां की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर पालिका को दी गई है।

मीरा भवन रोड पर सफाई करते सफाई कर्मचारी।

बताय जाता है कि कल रात उपमुख्यमंत्री के आगमन की जानकारी एडीएम ने नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील को निर्देष दिया कि वह जहां जहां जाएंगे, सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की जाए। इसकी जानकारी मिलने पर सफाई निरीक्षक संतोश कुमार सिंह ने गुरुवार को अलग-अलग टोलियां बनाकर 60 सफाई कर्मचारी द्वारा लोक निर्माण विभग के डाक बंगला, मेडिकल कालेज का अस्पताल, विकास भवन, मीरा भवन से सिटी रोड तक साफ-सफाई की गई। बता दें कि नए भवन में मेडिकल कालेज का अस्पताल शुरू होने से अब लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने बताया कि अब नए भवन में इएनटी की भी सर्जरी की जाएगी।

मदरसा की टॉपर अल्फिया को किया गया सम्मानित

मदरसा दारुल उलूम गुलषने मदीना में हुआ रिजल्ट वितरण का आयोजन

अखंड भारत संदेश

टॉपर अल्फिया को सम्मानित करते प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद हबीबी।

प्रतापगढ़। पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना में कक्षा 1 से 8 तक का रिजल्ट वितरित का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस मौके पर विद्यालय में टॉप करने वाली छात्रा अल्फिया बानो को प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद हबीबी द्वारा पुरस्कार एवम प्रशस्ति पत्र दिया गया।

इसके अलावा प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद हबीबी ने छात्र-छात्राओं के बेहतर जिंदगी की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा लेने करने का सबसे पहला उद्देश्य अच्छे नागरिक बनना और उसके बाद व्यक्तिगत जिन्दगी में सफल व्यक्ति बनना होता है। हम बिना अच्छी शिक्षा के अधूरे हैं क्योंकि शिक्षा हमें सही सोचने वाला और सही निर्णय लेने वाला बनाती है।

इस प्रतियोगी दुनिया में, शिक्षा आदमी की भोजन, कपड़े और आवास के बाद प्रमुख अनिवार्यता बन गयी है। बेहतर शिक्षित लोग बहुत आसान और सुरक्षित तरीके से परिवार और राष्ट्र की सुरक्षा कर सकते हैं। इस मौके पर अध्यापकगण कदीम अहमद, रिजवान अहमद, मो0 फिरोज, हुशनुमा अफरोज, रुकसाना बानो, जीनत अंजुम आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

नवमी पर मंदिरों व घरो-घरो में हुआ हवन पूजन, गूंजे आराधना के स्वर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। चैत्र नवरात्र की नवमी को देवी मंदिरों एवं धार्मिक स्थलो पर श्रद्धालुओं को सुबह से ही हवन पूजन मे रमे देखा गया। वही घरो मे भी कलश स्थापना को लेकर हवन व पूजन मे श्रद्धालु मां की आराधना को लेकर भक्तिमय वातावरण मे दिखे। बाबा घुइसरनाथ धाम में मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि के संयोजन मे हुए सामूहिक हवन पूजन मे श्रद्धालुओं को उल्लास मे देखा गया।

लालगंज के हरिहरमंदिरम मे भी रामचंद्र शुक्ल व अशोक तिवारी के संयोजन मे देवी की आराधना को लेकर हवन पूजन मे श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुई दिखीं। वहीं सगरा सुंदरपुर बाजार मे मां धमसा के मंदिर में बुधवार की रात देवी जागरण मे श्रद्धालु उमडे दिखे। कार्यक्रम में मां काली तथा शिव ताण्डव व राधाकृष्ण एवं सुदामा कृष्ण की आकर्षक झांकिया देख भी देवी भक्त मंत्रमुग्ध दिखे। लोकगायक शंभूनाथ मोदनवाल का चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है जैसे भक्ति गीतों पर भी लोग मां के जयकारे मे मगन हो उठे। कार्यक्रम का संचालन रामभवन वर्मा त्यागी ने किया। कार्यक्रम मे पं. विनोद पाण्डेय, भगेलू तिवारी, सरदार इंद्रजीत सिंह, कुलदीप शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि श्यामजी जायसवाल, कपिल तिवारी, रामनयन वर्मा, पवन तिवारी, रमाशंकर तिवारी, प्रभाशंकर शुक्ल, अंश शुक्ल आदि की सराहनीय सहभागिता दिखी।

सम्राट अशोक की 2337वीं जयंती पर हुआ साधना शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश

जयंती पर आयोजित साधना शिविर में साधना करते उपासक।

प्रतापगढ़। सम्राट अशोक महान की 2327वीं जयंती सम्राट अशोक पुस्तकालय पर हर्षोल्लास के बुद्धारम्भ पूज्य भन्ते अश्वजित द्वारा त्रिशरण, पंचशील व मंगलकामनाओ के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया प्रसाद स्वावलम्बी ने और संचालन राकेश कनौजिया ने किया। मुख्य अतिथि के रुप मे डा0 शिवमूर्ति मौर्य ने कहा कि अशोक अहिंसा, शान्ति तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के विश्वविख्यात तथा अतुलनीय सम्राट हैं। एच. जी. वेल्स के अनुसार अशोक का चरित्र इतिहास के स्तम्भों को भरने वाले राजाओं, सम्राटों, धर्माधिकारियों, सन्त-महात्माओं आदि के बीच प्रकाशमान है और आकाश में प्रायः एकाकी तारा की तरह चमकता है। संचालन करते हुए राकेश कनौजिया ने कहा कि सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म स्वीकारने के बाद उन्होंने उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी किया। उन्होंने शिकार तथा पशु-हत्या करना छोड़ दिया। इस मौके पर उमेश कनौजिया, सी0पी0 राव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया प्रसाद स्वावलम्बी ने किया। इस मौके पर हरि श्याम मौर्य, राकेश चन्द्र मौर्य, स्वामी नाथ मौर्य, चन्द्र केश, दिनेश सरोज, नन्दनी बौद्ध, राधिका बौद्ध, रोशनी बौद्ध, खुशी व मोहिनी बौद्ध, सुरेंद्र प्रताप बौद्ध आदि मौजूद रहे।

पचीस साल पुराने मारपीट के मामले मे आरोपी को दो साल की कारावास

अखंड भारत संदेश

लालगंज सिविल कोर्ट ने सुनाया फैसला

लालगंज, प्रतापगढ़। पचीस साल पुराने आपराधिक वाद में लालगंज की सिविल कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए अभियोगी को दो वर्ष के कारावास के साथ पांच हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। वर्षो बाद पीडित को इंसाफ मिलने की यहां कोर्ट परिसर मे चर्चा सरगर्म माहौल बनाए दिखी।

उदयपुर थाना के खानीपुर निवासी करन सिंह पुत्र रामआनंद सिंह व रामआंनद के ही पुत्र राममहेश सिंह के खिलाफ बीते वर्ष 1997 में सत्रह मई को मारपीट व गालीगलौज को लेकर उदयपुर थाने मे केस दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय मे आरोप पत्र दाखिल किये जाने के बाद स्थानीय सिविल न्यायालय मे यह मुकदमा वर्षो से विचाराधीन रहा। सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने आपराधिक मुकदमे की गंभीरता को देखते हुए इसकी सुनवाई तेजी से शुरू की। बुधवार की शाम कोर्ट का फैसला जब सुनाया गया तो आरोपी करन सिंह को दो वर्ष के साधारण कारावास तथा पांच हजार रुपए का अर्थदण्ड दिया गया। जबकि मुकदमे के विचारण के दौरान ही दूसरे आरोपी राममहेश सिंह की मौत हो गयी। सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने आरोपियो द्वारा जमीनी विवाद में पंचायत के दौरान पीडित अर्जुन सिंह को लाठी डंडे से मारकर चुटहिल करने को लेकर यह कडा फैसला सुनाया। हमले मे अर्जुन को गंभीर चोटें आ गयी थी। पुलिस द्वारा कोर्ट मे आरोप पत्र दाखिल करने के बाद मुकदमें मे तारीख पर तारीख लगती गयी। सख्त मिजाज के सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने पंचायत के दौरान पीडित को उसके घर के पास आरोपियो द्वारा गंभीर चोट पहुंचाए जाने से जुडे इस मुकदमें की सुनवाई तेजी से शुरू की। कोर्ट द्वारा मारपीट से जुडे मुकदमे मे सजा का ऐलान किये जाने को लेकर परिसर मे चर्चा भी सरगर्मी मे देखी गयी। मुकदमें की पैरवी एपीओ संतोष यादव द्वारा की गयी।

ट्रक से बचने के चक्कर में बिजली के खंभे में टकराई कार, टला हादसा

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी चांदा मार्ग पर बीबीपुर गांव के पास आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से बचने के चक्कर में कार सवार अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से कार टकराई जिलससे क्षतिग्रस्त हुई और उसमें बैठे लोग बाल-बाल बचे और बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार, नीरज यादव निवासी लखनऊ कामता चैराहा जरूरी काम से प्रयागराज जा रहे थे तभी वह पट्टी चांदा रोड बीबीपुर आर,पी, ऑटोमोबाइल, पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे, अचानक सामने की तरफ से आ रही ट्रक अनियंत्रित होकर कार की तरफ आने लगी।

जेपीसी जांच से ही अडानी समूह के घोटाले की सामने आयेगी सच्चाईः प्रमोद तिवारी

प्रमोद तिवारी ने श्रीरामनवमी व दुर्गा पूजन पर की लोकमंगल की कामना

अखंड भारत संदेश

धार्मिक अनुष्ठान में प्रमोद तवारी का स्वागत करते आयोजक।

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने श्रीराम नवमी पर लोगों से मुलाकात कर सामाजिक सदभाव को बढाने के लिए संकल्पबद्ध होने का आहवान किया। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन की लोक मयार्दा के दर्शन में हमें सत्य तथा विनम्रता को आत्मसात करने की प्रेरणा मिला करती है।

भ्रमण के दौरान कार्यकताओं से रूबरू होते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष अडानी के द्वारा देश की गाढी कमाई की करोडो की लूट की जेपीसी मांग पर इसलिए अडा है क्योंकि देश को पता चले कि घोटाले मे अडानी समूह के साथ सरकार मे बैठे किन लोगो ने नियमो की अनदेखी कर उसको शिथिल करके अडानी समूह को अनुचित लाभ पहुंचाने के कार्य किये है।

इस दौरान प्रमोद तिवारी सांगीपुर वार्ड मे वह संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा सभासद करूणाशंकर दुबे व अझारा जैनपुर में अशर्फी लाल मिश्र के संयोजन मे आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भी शामिल हुए। अधिवक्ता शेष तिवारी के संयोजन में आचार्य विद्याभूषण शुक्ल के द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी को लोकमंगल सम्मान भी सौपा गया। श्रीरामनवमी पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे मत्था टेककर सांसद प्रमोद ने लोक कल्याण की कामना की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र आदि मौजूद रहे।

मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात डंपर ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र मानिकपुर के मुंदीपुर हीरो एजेंसी के पास दर्दनाक हादसा हुआ है। कृपा शंकर त्रिपाठी पुत्र शिव दुलारे त्रिपाठी उम्र लगभग 62 वर्ष निवासी मांधातापुर, लक्ष्मीगंज, रायबरेली के निवासी हैं कृपाशंकर अपनी बेटी कु. उमा त्रिपाठी उम्र लगभग 25 वर्ष व अपने रिश्तेदार विकास शुक्ला उम्र लगभग 26 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से निमंत्रण में सम्मिलित होने कुंडा जा रहे थे जैसे ही मुंदीपुर, हीरो एजेंसी के पास पहुंचे पीछे से आ रहे डंपर अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया जिससे मौके पर उमा त्रिपाठी की दर्दनाक मौत हो गई जिन्हें स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर सीएससी कुंडा भेजा पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच करने के बाद उमा त्रिपाठी को मृत घोषित कर दिया और कृपा शंकर तिवारी व विकास शुक्ला का सीएससी कुंडा में इलाज चल रहा है।

अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए महिला समेत दो को चुटहिल करने के आरोप में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है। संग्रामगढ़ थाना के अर्रो बहेलियन निवासी अनिल कुमार मिश्र पुत्र बालकृष्ण ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नीस फरवरी को दोपहर उसका पिता बाल कृष्ण आजी सूरसती के साथ बाइक से कही जा रहा था। इस बीच लालगंज के अगई मोड़ पर अज्ञात बाइक चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए पिता की बाइक मे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे बालकृष्ण व सूरसती को गंभीर चोटे आ गयी। इलाज के बाद पीडित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

खबर संक्षेप

नगर निकाय चुनाव की आरक्षण सूची जारी

कौशाम्बी। नगर निकाय चुनाव को लेकर आरक्षण की लिस्ट जारी कर दी गई है। आरक्षण की लिस्ट जारी होते ही तमाम दिग्गज नेता चारों खानेचित दिखाई पड़ रहे हैं आरक्षण सूची जारी होने के बाद चुनाव लड़ने की उम्मीद लगाए तमाम नेताओं को नगर निकाय के चुनाव में मौका नहीं मिल सका है। वहीं आरक्षण सूची जारी होने के बाद तमाम ऐसे नेताओं के चेहरों में खुशी दिखाई पड़ रही है जिन्हें चुनाव में सफलता नहीं दिखाई पड़ रही थी आरक्षण सूची पर आपत्ति देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। जारी हुई सूची के अनुसार कौशांबी जिले के नगर पंचायत सिराथू पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित की गई है नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम महिला वर्ग के लिए आरक्षित की गई है नगर पंचायत करारी अनारक्षित घोषित की गई है नगर पंचायत अझुआ पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किया गया है। नगर पंचायत सराय अकिल अनारक्षित घोषित की गई है नगर पंचायत चरवा अनारक्षित घोषित की गई है नगर पंचायत चायल अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित किया गया है नगर पालिका परिषद भरवारी अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित कर दी गई है नगर पालिका परिषद मंझनपुर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई है। आरक्षण सूची जारी होते ही राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज हो गई है।

कुएं में मिली लाश का पिपरी पुलिस ने किया खुलासा

एक माह पहले हत्या कर चरवा थाना क्षेत्र में फेकी गई थी युवक की लाश

अखंड भारत संदेश

हत्या के आरोप में गिरफ्तार दो आरोपी

कौशाम्बी। गुमशुदा युवक की लाश मिलने के बाद हरकत में आई पिपरी पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर कुछ लोगों को गिरफ्तार कर पूंछताछा की जिसके बाद आरोपियों ने युवक को जान से मारकर कुआं में फेकने का जुर्म कबूल किया। जुर्म कबूल करने वाले आरोपियों को पिपरी पुलिस ने आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया जहां से उन्हें जेल भेजा गया। एक माह पहले पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर गांव निवासी सुरजन यादव पुत्र स्व0 मुंशीलाल यादव अचानक लापता हो गया था। परिजन उसे हर जगह ढूंढे लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मृतक युवक का चचेरा भाई राजभान यादव पुत्र हीरालाल निवासी कादिलपुर पिपरी थाना पहुंचकर युवक के खो जाने की गुमशुदगी दर्ज कराई। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पिपरी पुलिस सक्रिय हुई और युवक की तलाश में जुट गई। इसी दौरान पता चला कि एक युवक की सड़ी गली लाश चरवा थाना क्षेत्र के सूखे कुएं में मिली है। सूचना मिलने पर पिपरी पुलिस मृतक युवक के परिजन को लेकर मौके पर पहुंची जिसकी शिनाख्त सुरजन यादव के रूप में हुई। थाना प्रभारी पिपरी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक युवक की आरोपियों के गांव में दूर की रिश्तेदारी है। आरोपी और उसके रिश्तेदार का काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। उसी जमीनी विवाद में मृतक युवक रिश्तेदार का पक्ष ले रहा था जिसके कारण आरोपी युवकों को नागवार गुजर रही थी। रिश्तेदारी घूमने गए सुरजन यादव को बहला फुसला गांव के बाहर ले जाकर कुल्हाड़ी और धारदार हाथियार से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। सुरजन की मौत होने के बाद डेड बाडी को सूखे कुएं में फेंक दिया। आरोपी अजय कुमार पुत्र परागे लाल निवासी हौसी थाना चरवा उम्र 22 वर्ष व शनि पुत्र संतोष निवासी काजू थाना चरवा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है बाकि आरोपियों की तलाश जारी है।

5 दिन बीते नाबालिग बालिका का नहीं लगा सुराग!

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव की रहने वाली एक नाबालिग बालिका 25 मार्च को घर से लापता हो गई है परिजनों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 25 मार्च को खेत पर गए थे जब वापस लौटे तो उसकी नाबालिग पुत्री घर से गायब थी परिजनों ने बताया कि 50000 नगद और घर में रखे जेवरात भी गायब हैं पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में परिजनों ने बताया कि गांव के अनिल कुमार और धीरज लोध से उनके परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है और आशंका है कि अनिल और धीरज ने मिलकर उनकी पुत्री को बहाने से बरगलाकर अगवा कर लिया है और साथ में जेवर नगदी भी उठा ले गए हैं घटना को 5 दिन बीत जाने के बाद भी चौकी पुलिस ने आरोपियों और उनके परिजनों से कड़ाई से पूछताछ नहीं की है जिससे नाबालिग बालिका का सुराग नहीं लग सका है परिजनों ने बालिका के साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटना की आशंका जाहिर करते हुए बालिका को खोजने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

सरकारी जमीन पर प्लाट बनाकर बेचने के खेल में भूमाफिया सक्रिय!

कौशांबी। नगर पंचायत सिराथू क्षेत्र में इन दिनों सरकारी जमीन को प्लाट बनाकर बेचने के खेल में भूमाफिया बड़ी तेजी से सक्रिय हैं लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं जिससे सरकारी संपत्तियां सुरक्षित नहीं रह गई है भूमिधरी जमीन की आड़ में सरकारी जमीन पर प्लाटिंग हो रहा है। नगर पंचायत सिराथू वार्ड नंबर एक की सरकारी जमीन को एक दबंग भूमाफिया अपनी भूमिधरी जमीन के साथ प्लाटिंग कर रहा है जैसा की योगी सरकार प्रदेश में एक तरफ सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाने के लिए अथक प्रयास कर रही है वहीं दूसरी तरफ सिराथू नगर पंचायत में लगातार सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने और कराने के कार्य बहुत ही तीव्रगति से चल रहा है जिसमें दबंगों द्वारा साठ गांठ करके अवैध कब्जा करके मोटी रकम वसूल की जा रही है। वार्ड नं एक मे तालाब के सामने सरकारी जमीन है उसके बगल में एक दबंग की भूमिधरी भी है जिसमें प्लाटिंग के नाम पर सरकारी भूमि भी बेची जा रही है यहां तक उस जमीन में एक दो मकान भी बनकर तैयार हो गए हैं आखिर लगातर हो रहे अवैध कब्जों पर जिम्मेदार क्यों कोई कार्यवाही नही कर रहे हैं ना तो अवैध कब्जा रोकने का कोई प्रयास हो रहा है। क्षेत्र के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी संपत्ति पर कब्जा करके प्लाटिंग किए जाने के मामले की जांच कराकर अवैध कब्जा खाली कराए जाने की मांग की है।

पिपरी थाना क्षेत्र में हो रही खुलेआम गांजा की बिक्री

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ स्थित एक दुकान से खुलेआम गांजा की बिक्री हो रही है। भयमुक्त होकर गांजा बिक्री का यह खेल कई वर्षों से किया जाता है। थाना पुलिस और आबकारी विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। युवा पीढ़ी धुंआ के नशा को सौख बनाकर गांजा का सेवन करते हैं जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। कारखास सिपाही और सफेदपोश नेता के गठजोड़ से अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। बीते कुछ दिन पहले ट्रिवटर और समाचार पत्र के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके बाद पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों ने पिपरी पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया लेकिन पिपरी पुलिस आज तक सही तरीके से ना जांच कर पाई और ना ही कार्यवाही बल्कि बड़े अधिकारियों को झूठी रिपोर्ट भेजकर गुमराह कर दिया। यदि गांजा बिक्री के मामले में ईमानदार अधिकारियों से जांच कराई जाए तो सफेदपोश नेता और कारखास सिपाही के गठजोड़ से संचालित हो रहे अवैध कारोबार का पदार्फाश होना तय माना जा रहा है। पिपरी थाना क्षेत्र में तिल्हापुर मोढ़ के अलावा और कई जगहों पर गांजा की खुलेआम बिक्री की जाती है।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मामला शुजतपुर रेल्वे स्टेशन के अप लाइन का, शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा

ट्रेन हादसे में मृतक युवक

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के शुजातपुर रेलवे स्टेशन के अपलाइन में बुधवार की रात्रि को एक युवक की कटकर मौत हो गई है युवक की पहचान मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा पश्चिम गांव निवासी राजा राम पासी के रूप में हुई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के शुजातपुर रेलवे स्टेशन के अप लाइन पर बुधवार की रात्रि लगभग दस बजे एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी मृतक की पहचान राजा राम पासी उम्र 30 वर्ष पुत्र काली प्रसाद निवासी सेलरहा पश्चिम थाना मंझनपुर के रुप में हुई है जीआरपी पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है ट्रेन हादसे में युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

सड़क हादसे में मास्टर धनी राम वर्मा की मौत घर में मचा कोहराम

मनौरी कौशांबी। कौशांबी जनपद के मनौरी बाजार निवासी अवकाश प्राप्त मास्टर राम धनी वर्मा उम्र लगभग 80 वर्ष आज सुबह 10 बजे अपने घर से सल्लाहपर में एक विद्यालय में किसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे , राम धनी वर्मा जैसे ही ऑटो से सल्लाहपुर में उतर कर सड़क पार कर रहे थे कानपुर की तरफ से तेजी से आ रही बुलौरो गाड़ी ने इतनी तेज टक्कर मारी की वृद्ध राम धनी वर्मा सड़क पर काफी दूर जा गिरे , तत्पश्चात बुलौरो गाड़ी वालो ने राम धनी वर्मा को घायल स्थिति में स्वरूप रानी प्रयागराज में भर्ती करवाया डॉक्टरों ने राम धनी वर्मा को मृत घोषित कर दिया तो गाड़ी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गए , जैसे ही परिजनों को सूचना मिली घर में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे पुत्र राम शिरोमणि वर्मा ने घटना की तहरीर पूरामुफ्ती प्रयागराज थाने दे दिए , पुलिस तहरीर लेकर जांच में जुट गई।

जमीन खोदकर दो नलकूप से विद्युत केबिल उठा ले गए चोर

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर पतौना पुलिस चौकी अंतर्गत बरातफरिक और हाजीपुर पतौना गांव में खेत में लगाए गए किसानों के नलकूप से विद्युत केबिल को चोर जमीन खोदकर निकाल ले गए हैं 29 मार्च की रात्रि 2 नलकूप से लगभग 70 मीटर केबल खोदकर चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना पीड़ित किसानों ने पुलिस को दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक नलकूप से विद्युत केबल चोरी करने वाले चोरों का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बरातफरिक गांव निवासी रामाकांत मौर्या पुत्र बैजनाथ मौर्य और अशोक कुमार प्रजापति पुत्र बेनी प्रसाद निवासी हाजीपुर पतौना ने बताया कि उनके नलकूप ने विद्युत केबल जमीन के नीचे लगाई गई थी लेकिन 29 मार्च की रात्रि दोनों नलकूप की जमीन खोदकर जमीन के नीचे से लगभग 70 मीटर विद्युत केबल चोर उठा ले गए हैं काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी गायब विद्युत केबल का सुराग नहीं लगा है किसानों ने बताया कि इसके पहले भी कई नलकूप की जमीन खोदकर विद्युत केबल चोरी हो चुकी है लेकिन पूर्व की घटनाओं का भी खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

नवरात्रि मेला और श्री राम नवमी के अवसर पर उमड़ी अपार भीड़

सिद्ध पीठ कड़ा क्षेत्र में माँ शीतला धाम मंदिर में नवरात्रि के नव दिन भक्तों की अपार भीड़ लगी रही

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी मंदिरों में पूजा अर्चना और भक्ति गीतों से 9 दिनों तक देवी मंदिर भक्तिमय हो गया 9 दिनों तक सुबह से देर रात तक मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले महिला पुरुष भक्तों की लगातार भीड़ लगी रही नवरात्रि के अंतिम दिन देवी मंदिरों में पूजा करने वाले भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली है। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से ही हजारों महिला पुरूष भक्त पूजा अर्चन करने के लिए मंदिर पहुंचने लगे देर शाम तक मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही नवरात्रि के 9 दिन देवी मंदिरों में मां के जयकारे गूंजते रहे नवरात्रि के अंतिम दिन श्री राम नवमी के अवसर पर पूरे जनपद में राम जन्मोत्सव का पर्व बड़ी धूमधाम और आस्था के साथ भक्तों ने मनाया है। मंझनपुर दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी के अवसर पर विगत सैकड़ों वर्षों से विशाल मेले का आयोजन किया जाता है परंपरागत अनुसार गुरुवार को भी रामनवमी के दिन दुर्गा मंदिर और उसके आसपास विशाल मेले का आयोजन हुआ जहां हजारों भक्त मेले में शामिल हुए मेले में खाने-पीने की सामग्री की दुकान से लेकर श्रृंगार साज सजावट झूला आकर्षण का केंद्र रहा झूला और दुकानों में भी छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही मेले में आए दर्शकों ने जमकर खरीदारी की मंझनपुर स्थित मेले में छोटे-छोटे बच्चे भी मेले का लुफ्त उठाते देखे गए हैं मां दुर्गा के जयकारा प्रभु श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज रहा था जिले के अन्य क्षेत्रों में भी नवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। सिद्ध पीठ कड़ा क्षेत्र में माँ शीतला धाम मंदिर में नवरात्रि के नव दिन भक्तों की अपार भीड़ लगी रही पूजा अर्चन मां का दर्शन पाने के लिए भक्त लालायित दिखाई पड़ रहे थे कड़ा भी मेले में नवरात्रि के अवसर पर खाने पीने की दुकानों के साथ साज सज्जा सजावट सिंगार के सामानों की दुकान और झूले का आयोजन किया गया था जहां महिला पुरुष भक्तों के साथ साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी मेले का जमकर लुफ्त उठाया सुरक्षा व्यवस्था को लेकर देवी मंदिरों में पुलिस की कड़ी व्यवस्था की गई थी पूरे जिले में नवरात्रि का पर्व और श्री राम नवमी का पर्व बड़े धूम-धाम से संपन्न हो गया है।

भरवारी प्रशासन ने शासन के निर्देश पर हनुमान मंदिर में कराया रामचरित्र मानस का पाठ

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। योगी सरकार ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को धन उपलब्ध कराकर प्रमुख धार्मिक स्थानों मंदिरों में 22 मार्च से 30 मार्च तक चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा सप्तशती पाठ एवम रामचरित मानस पाठ कराने को आदेशित किया है सरकार की ओर से नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी जागरण,और भजन का आयोजन सरकार करा रही है। नगर पालिका परिषद भरवारी के सौजन्य से भरवारी के प्रख्यात हनुमान मन्दिर नया बाजार में रामचरितमानस पाठ का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू कराया है। नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि हनुमान मंदिर नया बाजार के मन्दिर को भव्य रूप दिया गया है आज बृहस्पतिवार सुबह अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन चित्रकूट मंडल द्वारा किया जा रहा है। जिसका समापन शुक्रवार 31मार्च को होगा रामायण पाठ उपरांत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। विदित हो कि नगर पालिका परिषद भरवारी भक्ति रस में डूबा हुआ है भक्ति रस रूपी पान भरवारी मे भक्त ले रहे हैं वहीं नगर में ही स्थित हनुमान मंदिर में मंदिर पुजारी सुरेश्वर नाथ शुक्ला प्रतिदिन आरती पूजन कर प्रसाद वितरण कर रहे है नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र पूर्ण रूप से भक्ति रस में डूबा हुआ है। सुरेंद्र नाथ शुक्ला उर्फ पप्पू नगर पुरोहित के नेतृत्व में चित्रकूट मंडल द्वारा रामचरित रामायण का आयोजन हो रहा है। मंदिर प्रांगण में मुख्य दीनानाथ शुक्ला, बांकेलाल मुनीम, शिवम ऑफ राजू, तितुल चौधरी , मुन्ना बोरा वाले, प्रकाश सहित सैकड़ों राम भक्त रामायण का पाठ कर रहे हैं।

अज्ञात वाहन ने बुलेट में मारी टक्कर, 108 एम्बुलेंस ने समय से पहुंचाया अस्पताल

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बाजा पुर पुल के पास बुलेट सवार युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे वह वाहन समेत सड़क पर गिरकर तड़पने लगे लहूलुहान व्यक्ति को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है सड़क हादसे में घायल बुलेट सवार व्यक्ति की पहचान राम बहादुर के रूप में हुई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई हैजानकारी के मुताबित राम बहादुर पुत्र मोहन लाल निवासी गौरा कोतवाली मंझनपुर जनपद कौशांबी गुरुवार को किसी काम से अपनी दो पहिया वाहन (बुलेट-यूपी'73वी'7926) से कहीं जा रहे थे जैसे ही बुलेट सवार युवक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बाजा पुर पुल ईट भट्ठा के पास पहुँचे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बुलेट में टक्कर मार दी जिससे अपने वाहन सहित वह जमीन पर गिर गए। इस हादसे में उनको गंभीर चोटे आयीं और खून से लतपथ हो गए। रास्ते से गुजर रहे किसी राहगीर ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल राम बहादुर को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया मामले की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है।

एसपी से शिकायत के बाद पकड़े गए ठग को चौकी पुलिस ने छोड़ा!

बैंक का एजेंट बनकर सैकड़ों गरीब लोगों से युवक ने की करोड़ों रुपए की ठगी, रुपए जमा करने के बाद ठग युवक से जमा कताओं को मिलती है गाली गलौज और जान से मारने की धमकी

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के उसरापर गांव के एक युवक ने बैंक का एजेंट बन कर गरीब लोगों को बैंक में रुपया जमा कराकर जल्द समय में रकम दूना देने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी की है गरीबों से रुपए लेने के बाद युवक ने उन्हें फर्जी बैंक की रसीद दे दी है रसीद मिलने के बाद लोगों के होश उड़ गए हैं बैंक में रुपया नहीं जमा हुआ है बैंक के नाम पर युवक ने जमा कताओं से धोखाधड़ी की है जब लोगों ने अपने जमा धन को वापस मांगना शुरू किया तो युवक और उसके परिजनों द्वारा रुपए देने के बजाय जमा कताओं को गाली गलौज और धमकी देना शुरू कर दिया गया है जमा कर्ताओं का दबाव पड़ने के बाद कई वर्षों तक युवक फरार हो गया था कई वर्ष बीत जाने के बाद ठगी में लिप्त युवक के गिरेहबान तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच सके हैं। 15 दिनों पूर्व मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेन गांव की महिला गिरजा देवी ने एसपी से शिकायत कर ठग युवक के कारनामे को उजागर किया महिला की शिकायत पर एसपी ने शिकायती प्रार्थना पत्र को मंझनपुर कोतवाली भेजते हुए आरोपी पर कार्रवाई का निर्देश दिया लेकिन जैसे ही मंझनपुर कोतवाली के टेवा पुलिस चौकी शिकायती पत्र पहुंचा पुलिस ने पीड़ित महिला को चौकी बुलाकर बात सुनने के बाद यह कह कर उसे वापस कर दिया कि उसके क्षेत्र के युवक ने ठगी नहीं की है और ठग पर कार्यवाही करने के बजाए टेवा चौकी पुलिस ने मामले में लापरवाही बरतते हुए शिकायती पत्र को वापस कर दिया उसके बाद शिकायती प्रार्थना पत्र कोखराज थाने पहुंचा मामले की जांच और कार्यवाही पुलिस चौकी भरवारी को मिली 4 दिनों पूर्व भरवारी पुलिस चौकी ने ठगी के आरोपी युवक को पकड़ लिया और पुलिस चौकी उठा लाई आरोपी ठग के पकड़े जाने के बाद महिला को फोन करके पुलिस चौकी भरवारी बुलाया गया महिला द्वारा दी गई रकम और उसके ब्याज से एक चौथाई से कम रकम कुछ दिनों बाद दिलाने का वादा करके महिला पर समझौते का दबाव डाला गया महिला ने अपनी रकम से कम रकम लेने से इनकार कर दिया जिस पर महिला को पुलिस चौकी से वापस कर दिया गया और ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने छोड़ दिया। सवाल उठता है कि सैकड़ों गरीब लोगों से करोड़ो की ठगी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज करके चौकी पुलिस ने आखिर उसे जेल क्यों नहीं भेजा। पुलिस ने महिला की पीड़ा को नहीं समझा रोते बिलखते पीड़ित गरीब महिला ने चौकी पुलिस से फरियाद किया लेकिन उसके बाद चौकी पुलिस का कलेजा नरम नहीं हुआ। लाखों रुपए जमा के बाद महिला को एक रुपए वापस नही मिल सके हैं आखिर महिला को कैसे न्याय मिलेगा उसका जमा धन कैसे वापस होगा यह योगी सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जहर खुरानी के शिकार हुए यात्री को भरवारी स्टेशन पर उतारा

भरवारी कौशाम्बी। थाना कोखराज अन्तर्गत भरवारी रेलवे स्टेशन पर जहर खुरानी के शिकार हुए एक यात्री को भरवारी स्टेशन पर उतारा गया इस बीच उसका मानसिक संतुलन बिगड़ जाने की वजह से उसका स्वास्थ परिक्षण कराए जाने के बाद होश में आने के बाद यात्री ने अपना नाम पुष्पेन्द्र शुक्ला पुत्र सुरेश चंद्र शुक्ला निवासी गौरी कला बागड़मऊ बताया है युवक की निशानदेही पर उसके परिजनों को फोन के जरिए पुलिस ने सूचना दे दी है ट्रेन में सफर कर रहे जहरखुरानी के शिकार यात्री ने बताया कि मुझे जहर खुरानी गैंग ने चाय मे कुछ मिलाकर पिला दिया था जिसके वजह से मेरी तबियत बिगड़ गई थीं लेकिन लोगों की मदद से भरवारी स्टेशन पर मुझे उतारकर इलाज की व्यवस्था की गई जिसके बाद अब मैं ठीक हूं।

आगजनी से हुए नुकसान का अन्नदाता को मिले समुचित मुआवजा : अजय सोनी

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने गुरुवार को सिराथू ब्लॉक के नारा गौरा गांवों के बीच आगजनी की घटना का स्थलीय जायजा लिया और पीड़ित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान अजय सोनी ने जिला एवं तहसील प्रशासन से तत्काल पीड़ित किसानो को समुचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। गुरुवार को सकिपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी आगजनी की घटना का स्थलीय जायजा लेने ग्राम नारा गौरा पहुंचे। मौके पर मौजूद मिले किसानो से वार्ता के दौरान अजय सोनी को घटना की सारी सच्चाई पता चली। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि कम से कम 50 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया है। इससे क्षेत्र के कई गांवों के लोग प्रभावित हुए हैं और परिजनों के भरण पोषण के लिए दाने दाने मोहताज हो गए हैं। इस मौके पर मौजूद रहे ग्रामीणों वे वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही आगजनी की घटना से प्रभावित हुए किसानो को मुआवजे की मांग को लेकर समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में अधिकारियों से वार्ता की जायेगी और पीड़ित किसानों को समुचित मुआवजे दिलाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि आगजनी की घटना से पीड़ित की अन्नदाता को जिला एवं तहसील प्रशासन समुचित मुआवजा दिया जाए अन्यथा समर्थ किसान पार्टी आंदोलन करने पर विवश होगी। इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी, पुष्पराज सिंह, विजय सरोज, मुकेश सरोज, अनिल कुमार, राकेश आदि लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

तिल्हापुर गांव में अराजकता फैला रहे है छूटभैयन गुंडा

सूत्रों से जानकारी मिली है कट्टा की फैक्ट्री भी चलाते है



चायल कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के तिल्हापुर गांव का एक युवक इलाके में अराजकता फैला रहा है जिससे आम जनमानस का जीना मुहाल हो गया है अराजकता फैला रहे युवक का सोशल मीडिया पर देशी तमंचा से फायर करते हुए फोटो वायरल हो गई है इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए फायर करते हुए सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने वाले युवक पर कार्यवाही की मांग की है।अखंड भारत संदेश हिंदी दैनिक समाचार पत्र जब इसकी पड़ताल करने गया तो ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन इसी तरह उक्त दबंग युवक फायर कर गांव में दहशत का माहौल बनाता है। और किसी न किसी से आए दिन झगड़ा करते रहते है।ग्रामीणों के मुताबिक देशी तमंचा की फैक्ट्री भी संचालित करते है लेकिन चौकी तिल्हापुर को इसकी भनक तक नही है। जिससे गांव वालों में दहशत का माहौल बना रहता है।

तेज तर्रार इंस्पेक्टर को मिला कोखराज थाना का चार्ज

कौशाम्बी। तेज तर्रार इंस्पेक्टर विनोद कुमार मौर्य को कोखराज थाना का नया इंस्पेक्टर बनाया गया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार मौर्य कोखराज थाना का चार्ज सम्हालते ही एक्सन मूड में आ गए हैं जिसको देखकर माफियाओं के भीतर घबराहट महसूस होने लगी है। इंस्पेक्टर रमेश पटेल की कार्यशैली से नाखुश एडीजी जोन प्रयागराज दो दिन पहले उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। रमेश कुमार पटेल के निलंबित होने से कोखराज थानाध्यक्ष की कुर्सी खाली चल रही थी। विनोद कुमार मौर्य ने कोखराज थाना का चार्ज सम्हालने के बाद क्षेत्रीय लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि न्याय की आश लेकर आने वाले हर फरियादियों को पूर्णरूप से न्याय मिलेगा और किसी के साथ पक्षपात नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के माफिया और अवैध कारोबारियों को पूरी तरह से नेस्तानाबूत कर दिया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि अतीक और उसकी गैंग से जुड़े हुए लोगों को खोजा जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 27 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना महेवाघाट थाना पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम सनेही निषाद पुत्र कल्लू निषाद निवासी महेबा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मायादीन पुत्र हुल्लर निवासी मोहीउद्दीनपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 17 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

निरोधात्मक कार्यवाही में 24 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा तीन थाना महेवाघाट से दो थाना संदीपनघाट से दो थाना कोखराज से बारह थाना सैनी से एक थाना कडाधाम से चार कुल 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

संपादकीय

कोविड संग जीना

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की दस्तक चिंता का सबब है। पिछले चौबीस घंटे में एक हजार से कुछ कम नये संक्रमितों का पता चला तथा महाराष्ट्र व गुजरात में दो-दो मौतों की बात कही जा रही है। संक्रमण पिछले पांच महीनों में सबसे ज्यादा है। कुल संक्रमितों की संख्या साढ़े नौ हजार व दैनिक संक्रमण दर 1.56 बतायी जा रही है। हालांकि देश में अब तक 220.65 करोड़ कोविड रोधी टीके की खुराकें लगायी जा चुकी हैं। जिसने देश को नया आत्मविश्वास दिया है। लेकिन बूस्टर डोज के प्रति उदासीनता चिंताजनक है। दरअसल, कोरोना के नये सब वेरिएंट एक्सबीबी 1.16 को बढ़ते संक्रमण का कारण बताया गया है। ज्यादातर मामले महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, दिल्ली व कर्नाटक में दर्ज किये गये। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों को हालात पर नजर रखने व टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय व आईसीएमआर की संयुक्त एडवाइजरी के मुताबिक कोरोना से बचाव की तैयारी के लिये दस व ग्यारह अप्रैल में पूरे देश में मॉक ड्रिल करने की योजना बनायी गई है। दरअसल, कोविड संक्रमण के साथ ही इन्फ्लूएंजा एच3एन2 के मामलों में वृद्धि भी चिंता बढ़ा रही है। विशेषज्ञों की राय है कि कोविड से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित हो। साथ ही बूस्टर डोज लेने की सलाह भी दी जा रही है। संक्रमण की एक वजह मौसम में बदलाव भी बताया जा रहा है।

दरअसल, पुराने अनुभव के अनुरूप मास्क लगाने, भीड़भाड़ से बचने, खांसते समय मुंह ढकने तथा सेनिटाइजर के उपयोग पर बल दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत में जहां संक्रमण की दर एक फीसदी है, वहीं अमेरिका में उन्नीस व रूस में बारह फीसदी है। इस बाबत हुई बैठक में प्रधानमंत्री ने टेस्टिंग व जिनोम सिक्वेंसिंग बढ़ाने पर जोर दिया है। खासकर सांस संबंधी बीमारी से पीड़ितों के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरतने की बात कही गई है। दरअसल, यह एक हकीकत है कि कोविड का वायरस हमारे परिवेश में लगातार नये रूप बदलकर दस्तक देता ही रहेगा, अतः हमें कोविड के साथ जीने की आदत डालनी होगी। ऐसे में जरूरी है कि हम सजगता से कोविड से बचाव के उपयुक्त व्यवहार का पालन करें। सरकार इसकी जांच, उपचार व जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि देश में सफल टीकाकरण के चलते अब अस्पताल में भर्ती होने व मरने वालों की संख्या में पहले जैसी वृद्धि नहीं होगी। हमें ह्यजान भी और जहान भीह्ल की नीति का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करना होगा कि हमारी अर्थव्यवस्था पर किसी तरह के प्रतिबंधों का प्रतिकूल असर न पड़े। वर्ष 2020 में लॉकडाउन से हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा था और लाखों लोगों को अपनी रोजी-रोटी से हाथ धोना पड़ा था। हाल में चीन तक में जीरो कोविड नीति के खिलाफ उग्र प्रदर्शन के बाद इस नीति में बदलाव करना पड़ा था। भारत सरकार को टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट, टीकाकरण व कोविड नियंत्रक उपयुक्त व्यवहार पर बल देना होगा।

महावीर को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें

भगवान महावीर सामाजिक एवं व्यक्तिक्रांति के शिखर पुरुष थे। महावीर का दर्शन अहिंसा और समता का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। उनकी क्रांति का अर्थ रक्तपात नहीं! क्रांति का अर्थ है परिवर्तन। क्रांति का अर्थ है जागृति! क्रांति अर्थात स्वस्थ विचारों की ज्योति! क्रांति का अर्थ आग नहीं, सत्य और पूर्णता की ओर बढ़ना क्रांति है। इस दिशा में स्वयं बढ़ना क्रांति कहलाती है। जिसे वीर पुरुष सत्यपथ मानता है, उस ओर जिस समय वह अपने युग के समाज को भी आगे बढ़ाता है तब वह क्रांतिकारी कहलाता है। भगवान महावीर इस अर्थ में क्रांतिकारी थे। महावीर ने केवल धर्म तीर्थ का ही प्रवर्तन ही नहीं किया बल्कि एक उन्नत और स्वस्थ समाज के लिए नये मूल्य-मानक गढ़े। उन्होंने प्रगतिशील विचारों को सही दिशा ही नहीं दी बल्कि उनमें आये ठहराव को तोड़कर नयी क्रांति का सूत्रपात किया। महावीर जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर जयन्ती मनाने हुए हम केवल महावीर को पूजे ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीने के लिये संकल्पित हो।

महावीर ने जन-जन को समता के उपदेशामृत से आप्लावित ही नहीं किया किन्तु स्वयं के जीवन में जीया। वे जिस युग में जन्मे उस समाज रूपी वट-वृक्ष को विषमता की विष वल्लरियां आवेष्टित कर चुकी थी। जाति और वर्ण के नाम पर वह बंटा हुआ था। व्यक्ति को ऊंचा और नीचा उसके चरित्र और शील से नहीं अपितु जन्म के आधार पर माना जाता था। अभिजात्यता का पैरामीटर जाति और कुल थे उसके आचरण नहीं। वैभव और सम्पत्ति में केवल रुपये, सोना, चांदी, जवाहरात ही नहीं अपितु मनुष्यों को भी गिना जाता था। ह्यह्यकिसके पास कितने दास-दासी हैं?ह्ल यह भी सम्पन्नता का मापदण्ड था। फलतः दासप्रथा का प्रचलन धड़ल्ले से पनप रहा था। जब मनुष्य-मनुष्य के बीच भी इतनी विषमताएं समाज सम्मत थी तब निरीह पशु-पक्षियों और सूक्ष्म प्राणियों की ओर ध्यान देना या उनके सुख-दुःख का अहसास करना समझ से बाहर की बात थी। इन्हीं स्थितियों में नारी उत्पीड़न, दास-प्रथा, जातिवाद, बढ़ती हुई क्रूरता और सामाजिक विषमता साधारण बात थी। इन स्थितियों ने महावीर को उद्वेलित कर दिया। ऐसे विषमता एवं विसंगतिया भरे युग में क्षत्रिय कुण्डनपुर के राजा सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला के घर-आंगन में एक तेजस्वी शिशु ने जन्म लिया। वह शुभ वेला थी-चैत्र शुक्ला त्रयोदशी की मध्य रात्रि। गर्भाधान के साथ ही बढ़ती हुई सुख सम्पदा को देख बालक का नामकरण किया गया-वर्धमान। जिसके साए में था मानवता का प्यार-दुलार और समता का संसार। नन्हें शिशु के अबोले पर सक्षम आभामण्डल का ही प्रभाव था कि पुत्र जन्म की बधाई देने वाली दासी प्रियंवदा को आभूषणों का उपहार ही नहीं मिला पर महाराजा सिद्धार्थ ने सदा-सदा के लिए उसे दास्य कर्म से मुक्त कर दिया।

नफरती सोच एवं हेट स्पीच पर न्यायालय की सख्ती

ललित गर्ग

राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। संकीर्णता एवं साम्प्रदायिकता का उन्माद एवं ह्यहेट स्पीचह्ल के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां ह्यहेट स्पीचह्ल को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए ह्यहेट स्पीचह्ल को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? राजनेताओं एवं तथाकथित धर्मगुरुओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कड़ी टिप्पणी की है। एक मामले पर दो दिनों तक चली सुनवाई में अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि ऐसे नफरती भाषणों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई है? हालांकि सर्वोच्च न्यायालय पहले भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई करते हुए राजनेताओं और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को सार्वजनिक मंचों से बोलते वक्त संयम बरतने की नसीहत दे चुका है, मगर इस प्रवृत्ति में कोई सुधार नजर नहीं आता।

कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। इस संबंध में धर्म संसदों में आपत्तिजनक भाषण, राजनीतिक सभाओं में घृणा एवं नफरती बोल एवं विभिन्न चैनलों पर बहस के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां के दौरान हेट स्पीच के मामलों ने गंभीर एवं जटिल स्थितियों को जन्म दिया है। इस तरह भारत की गौरवमय संस्कृति को धुंधलाना, ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्ल एवं सर्वधर्म सद्भाव के मंत्रों को ध्वस्त करना, भारत की एकता और अखण्डता को बांटना अक्षम्य अपराध है। इसलिये इनदिनों देश के ताजा मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने ह्यहेट स्पीचह्ल एवं नफरती बयानों-भाषणों पर तल्ख टिप्पणी की है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि नेता जिस दिन राजनीति में धर्म का इस्तेमाल छोड़ देंगे, नफरती भाषण भी बंद हो जाएंगे। भारत के लोग दूसरे समुदायों के लोगों का अपमान न करने, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना कायम करने का संकल्प क्यों नहीं लेते? अदालत ने जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी बाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भाषणों को लोग दूर-दूर से सुनने आत थे। वैसी नजीर अब कोई नेता क्यों पेश नहीं करना चाहता। अदालत ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि लोग समुदाय विशेष को लेकर ही नफरती भाषणों के खिलाफ चुनिंदा तरीके से मुकदमें क्यों दर्ज कराते हैं। उनमें सभी समुदायों और पंथों के खिलाफ दिए गए नफरती भाषणों पर सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती।

कई बार तो ऐसा महसूस होता है कि समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा करने के लिए नफरती भाषण देने की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं संप्रदायों के कतिपय स्वनामधन्य नेताओं में परस्पर होड़ लगी हुई। इस संबंध में धर्म संसदों में आपत्तिजनक भाषण, राजनीतिक सभाओं में घृणा एवं नफरती बोल एवं विभिन्न चैनलों पर बहस के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां के दौरान हेट स्पीच के मामलों ने गंभीर एवं जटिल स्थितियों को जन्म दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय लंबे समय से ऐसे भाषणों, बयानों और तकरीरों के खिलाफ सख्त रहा है। बात केवल मुस्लिम कट्टरता एवं नफरती बयानों की ही नहीं है, करीब दो महीना पहले महाराष्ट्र में आयोजित सकल हिंदू समाज की रैली को लेकर भी न्यायालय ने निर्देश दिया था कि राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि वहां कोई नफरती भाषण न होने पाए। उस रैली की वीडियो रिकार्डिंग का भी आदेश दिया था। जब जगह-जगह धर्म संसद करके समुदाय विशेष के खिलाफ नफरती और भड़काऊ भाषण दिए गए थे, तब भी अदालत ने सरकार को सख्त लहजे में इस पर काबू पाने को कहा था। मगर राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं और नेताओं को शायद ऐसी अदालती आदेशों-निदेर्शों की कोई परवाह नहीं है। खुद सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात का उल्लेख किया है कि टीवी चैनलों पर आए दिन राजनीतिक दलों के प्रवक्ता सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले वक्तव्य देते रहते हैं। राजनेताओं से किसी भी ऐसे आचरण की अपेक्षा नहीं की जाती, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर बुरा प्रभाव पड़ता है। मगर इस दौर की राजनीति का स्वरूप कुछ ऐसा बनता गया है कि दूसरे धर्मों, संप्रदायों, समुदायों के खिलाफ नफरती भाषण देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास किया जाने लगा है। निश्चित ही यह विकृत एवं घृणित सोच वोट की राजनीति का हिस्सा बनती जा रही है। जाहिर है, उसमें भाषा की मयार्दा एवं शालीनता का भी ध्यान नहीं रखा जाता। स्थिति की गंभीरता का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि अब तो राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा धार्मिक नेता भी अपने प्रवचनों में उत्तेजना और कटुता पैदा करने वाले शब्दों का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। इस प्रवृत्ति पर अविलंब अंकुश लगाने की आवश्यकता है ताकि इस समस्या को नासूर बनने से पहले ही इस पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण पाया जा सके। उम्मीद है कि विधि आयोग की रिपोर्ट पर केंद्र की ठोस कार्यवाही नहीं करने के बावजूद अब देश की शीर्ष अदालत हेट स्पीच के मुद्दे को लेकर जागरूक होते हुए उचित दिशा-निर्देश दे रही है।

पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी ह्यभारत विरोधी शक्तियांह्ल एकजुट होकर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। भारत के लोगों में सहन करने की अद्भुत शक्ति रही है, लेकिन विदेशी ताकतें एवं देश की विरोधी शक्तियां उन्माद एवं नफरत के बीज बौने के तरह-तरह के षड़यंत्र रचते रहते हैं। सोचने की बात तो यह है कि साम्प्रदायिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले सम्प्रदाय एवं समुदाय खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। तभी सर्वोच्च न्यायालय में इन मामलों की सुनवाई कर रही बेंच की अगुवाई कर रहे जस्टिस जोसेफ ने संयम, सहिष्णुता एवं सौहार्द की उपयोगिता को व्यक्त करते हुए कहा, ह्यसहिष्णुता क्या है? सहिष्णुता का सही अर्थ किसी को बर्दाश्त करना नहीं, बल्कि मतभेदों को स्वीकार करना है।ह्ल जरूरत है कि हमारे समाज में ऐसे मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे।

निश्चित ही राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक स्वार्थों के चलते देश को जोड़ने की बजाय तोड़ने के प्रयास हो रहे हैं, जो अक्षम्य है। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी से स्पष्ट है कि इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सरकारों को संजीदगी दिखाने की जरूरत है। मगर विडंबना है कि ऐसे देश तोडक मामलों को रोकने की जरूरत नहीं समझी गई और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं धर्मगुरु विद्वेष पर भाषण देते रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की ताजा टिप्पणी को राजनीतिक दल एवं विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरु-धर्मनेता कितनी गंभीरता से लेंगे, यह कहना मुश्किल है। क्या भारत के लोग खुद ही संकल्प नहीं ले सकते कि वे दूसरे नागरिकों और समुदायों का अपमान नहीं करेंगे। आजादी के अमृत-काल में नफरत एवं उन्माद की आंधी को नियंत्रित करने के लिये विभिन्न धर्मों के बीच एकता, सौहार्द और समन्वय का उद्घोष करना होगा। तभी समूचा भारत नफरती सोच एवं हेट स्पीच के अशोभनीय-परिवेश से मुक्त होगा। तभी विनाश-शक्ति की अपेक्षा जीवन-शक्ति अधिक प्रभावशाली साबित होगी। प्रेषकः

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

बिना इंटरनेट पढ़ाई: स्कूलों में छात्र सरकारी सुस्ती से बेहाल

यह तथ्य परेशान करता है कि देश के दस लाख सरकारी स्कूलों में से सिर्फ 2.47 लाख स्कूलों के पास इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। यह संख्या महज 24 फीसदी बैठती है। दिल्ली और चंडीगढ़ अपनी पीठ थपथपा सकते हैं कि वहां स्कूलों में सौ फीसदी इंटरनेट की उपलब्धता है। वैसे देश की राजधानी दिल्ली व दो प्रदेशों की राजधानी चंडीगढ़ में ऐसा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जानी चाहिए, क्योंकि ये शहर देश के नीति-नियंताओं के केंद्र हैं और यहां संरचनात्मक ढांचा सबल है। लेकिन बाकी राज्यों में पंजाब का बेहतर प्रदर्शन सुखद ही है। पंजाब में करीब 47 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो सकी है। निस्संदेह, इसका श्रेय शिक्षा विभाग की सक्रियता और शिक्षकों की जागरूकता को दिया जाना चाहिए। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से जुड़े हरियाणा के सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की उपलब्धता का 29 फीसदी रहना चौंकाता है। सरकार की तरफ से स्कूलों में लाखों टैब व लेपटॉप बांटने व कई अभियानों के बावजूद प्रतिशत कम रहना एक यक्ष प्रश्न है। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में 27 फीसदी व जम्मू कश्मीर में महज 22 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हो पायी है। दरअसल, हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में बताया था कि देश के महज 24 फीसदी सरकारी स्कूलों में ही इंटरनेट की उपलब्धता है। जिसमें बिहार की स्थिति सबसे खराब है जहां महज 5.8 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। कमोबेश मिजोरम में 5.9 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश में 8.8 फीसदी की उपलब्धता भी चिंताजनक स्थिति को दशार्ती है। इसी तरह ओडिशा में भी महज आठ फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सेवा की उपलब्धता है। बड़े राज्यों में सबसे सुखद स्थिति केरल की बतायी जाती है जहां 94.5 फीसदी सरकारी स्कूल इंटरनेट कनेक्टिविटी से युक्त हैं। इसी तरह गुजरात में भी 94.1 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है।

ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि कोरोना संकट के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन और अन्य संचार प्रतिबंधों के बीच सरकारी स्कूलों में शिक्षा का क्या हाल रहा होगा? छात्र-छात्राओं की पढ़ाई इन दो बाधित सालों में कितनी हो पायी होगी? वैसे भी इन सरकारी आंकड़ों को यदि सही मान भी लिया जाये तो सवाल उठता है कि इन सरकारी स्कूलों में कितने फीसदी शिक्षक इंटरनेट से शिक्षण के लिये दक्ष हैं? यह भी कि क्या कोविड महामारी जैसी आपातकालीन स्थितियों को एक नया अवसर बनाने में हम चूके हैं? यह मौका था कि हम सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का भरपूर लाभ उठाकर सरकारी स्कूलों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने में जुट जाते। कहने को तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया था कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी यानी आईसीटी प्रयोगशालाओं के लिये एक हजार करोड़ रुपये व राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्मार्ट कक्षाओं के लिये 909.6 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। लेकिन देखने वाली बात यह है कि कितने स्कूलों को इसका लाभ मिला और ?वहां इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो पायी है। साथ ही शिक्षा मंत्री का यह भी कहना था कि दूरसंचार सुविधाओं में सुधार की जिम्मेदारी बीएसएनएल को दी गई है। यह बात पड़ताल की मांग करती है कि ये सरकारी प्रयास जमीनी स्तर पर कितने प्रभावी नजर आए हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि देश में शिक्षा जगत में विभाजन कितना गहरा हो चला है। एक तरफ पांच सितारा निजी स्कूल हैं, जहां धनाढ्य वर्ग, नीति-नियंताओं व संभ्रांत वर्ग के बच्चे पढ़ रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों में इंटरनेट जैसी मूलभूत जरूरत उपलब्ध ही नहीं है। निस्संदेह, सभी समस्याओं के मूल में गरीबी बड़ा कारण है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि सरकारी स्कूलों को वैश्विक धारा के अनुकूल बनाने के लिये अविलंब इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें। अन्यथा हम देश में पढ़े-लिखे निरक्षरों की फौज ही तैयार करेंगे। यही वजह है कि देश में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले बेरोजगार छात्र चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नौकरियों के लिये आवेदन करते नजर आते हैं। देश में स्वयंसेवी संगठनों, उद्योगपतियों तथा जिम्मेदार नागरिकों को सरकारी स्कूलों को मुख्यधारा में लाने के लिये अपना योगदान देना चाहिए।

भूटान की उलटबांसी: चीन के प्रभाव से भारतीय हितों पर चोट

कभी भारत का अभिन्न मित्र माने जाने वाले भूटान को कूटनीतिक जाल में फंसाने की चीन की कुत्सित कोशिशें सिरे चढ़ती नजर आ रही हैं। चीन लगातार भारत के चारों तरफ स्थित उन देशों को अपने पाले में लाने की साजिशें करता रहा है जिनके साथ भारत के सदियों से मधुर, कारोबारी व कूटनीतिक संबंध रहे हैं। नेपाल के बाद अब भूटान भी उन देशों की सूची में शामिल होता नजर आ रहा है, जो चीनी दबाव में भारतीय हितों को ताक में रखने को तैयार हैं। हाल ही में भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने बेल्जियम के एक अखबार ला लेब्रे को दिये एक साक्षात्कार में भूटान सरकार द्वारा दिये गये पहले बयान के उलट कहा है कि भूटान के निकट चीन ने जो गांव बनाये हैं, वे भूटान की सीमा में नहीं हैं। जबकि वर्ष 2020 में कहा गया था कि चीन भूटान की सीमा के भीतर कुछ गांव बना रहा है। निस्संदेह, भूटान के प्रधानमंत्री के इस बयान से भारत के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। विडंबना ही है कि भूटानी प्रधानमंत्री ने सीधे-सपाट शब्दों में कहा कि हमें अपनी सीमाओं का भान है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय सीमा है और हमारी सीमाओं पर किसी तरह की दखलंदाजी नहीं हुई है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह बयान तार्किक नहीं है और चीन के दबाव में यह बात कही जा रही है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन द्वारा बनाये गये गांव स्पष्ट रूप से भूटान की पश्चिमी, उत्तरी व उत्तर-पूर्वी सीमा पर स्थित हैं। अपनी इस दलील के पीछे विशेषज्ञ भूटानी, अंतर्राष्ट्रीय व चीन के नक्शे को आधार बताते हैं। दरअसल, चिंता की बात यह भी है कि लोटे शेरिंग यहां तक कहते हैं कि डोकलाम विवाद सिर्फ भूटान का ही नहीं बल्कि इस मुद्दे से चीन व भारत भी जुड़े हैं।

कूटनीतिक विशेषज्ञ लोटे शेरिंग के इस बयान को जनवरी माह में चीन में भूटानी व चीनी अधिकारियों के बीच सीमा के मुद्दे पर हुई बातचीत की परिणति के रूप में देख रहे हैं। दरअसल, दोनों देशों के अधिकारी चीन स्थित कुनमिंह शहर में सीमा से जुड़े मुद्दों पर बातचीत हेतु मिले थे। बताते हैं कि इस बैठक में सीमा संबंधी विवाद को सुलझाने की रूपरेखा पर विमर्श हुआ। इसके बाद दोनों देशों द्वारा जारी साझा बयान में बैठक में हुई सहमतियों को मूर्त रूप देने के बाबत प्रतिबद्धता जतायी गई। साथ ही विशेषज्ञ ग्रुपों के जरिये मुद्दों के निस्तारण पर सहमति हुई। बहरहाल, भारत की दृष्टि से यह स्थिति चिंताजनक ही कही जायेगी कि चीनी दबाव में भूटान स्वीकार करने लगा है कि वास्तव में उसकी सीमा पर बनाये गांव चीन की सीमा में स्थित हैं। जाहिरा तौर पर यह स्थिति सामरिक दृष्टि से भारत के लिये जटिल व चुनौतीपूर्ण बन रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भूटान ने डोकलाम में चीन द्वारा अवैध निर्माण का आरोप लगाया था। जिसके बाद लंबे समय तक भारत व चीनी सैनिक वहां डटे रहे थे। वैसे एक हकीकत यह भी है कि भूटान विगत में भारत के साथ हुई उस संधि की पालना के लिये बाध्य है जिसमें भारत की सुरक्षा चिंताओं के दृष्टिगत वह तीसरे देश से सीमा संबंधी समझौते नहीं कर सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भूटान में चीन की दखल भारतीय हितों पर आक्रमण की परोक्ष नीति ही है। जिसके जरिये वह भारत पर सामरिक बढ़त लेने के लिये साजिश रच रहा है। लद्दाख समेत कई भारतीय सीमाओं पर स्थितियां बदलने की साजिश इसी कड़ी का हिस्सा रहा है। विगत में हुए युद्धों, टकरावों की कड़ी में 2020 में पूर्वी लद्दाख स्थित गलवान संघर्ष कोई पुरानी बात नहीं है। वहीं भूटानी प्रतिनिधिमंडल की चीन यात्रा के बाद भारतीय विदेश सचिव की थिम्पू यात्रा इस मुद्दे पर भारतीय चिंता को दशार्ती है। दरअसल, लैंडलॉक्ड देश भूटान में एक ऐसे वर्ग का उदय हाल के वर्षों में हुआ है जो मानता है कि चीन

अयोध्या आनंद से भर गया

रामायण और रामचरित मानस हमारे पवित्र ग्रंथ हैं। तुलसीदास जी ने श्री राम को ईश्वर मान कर रामचरितमानस की रचना की है किन्तु आदिकवि वाल्मीकि ने अपने रामायण में श्री राम को मनुष्य ही माना है। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस को राम के राज्यभिषेक के बाद समाप्त कर दिया है वहीं आदिकवि श्री वाल्मीकि ने अपने रामायण में कथा को आगे श्री राम के महाप्रयाण तक वर्णित किया है। महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ आरंभ करने की ठानी। महाराज की आज्ञानुसार श्यामकर्ण घोड़ा चतुरंगिनी सेना के साथ छुड़वा दिया गया। महाराज दशरथ ने समस्त मनस्वी, तपस्वी, विद्वान ऋषि-मुनियों तथा वेदविज्ञ प्रकाण्ड पण्डितों को यज्ञ सम्पन्न कराने के लिये बुलावा भेज दिया। निश्?चित समय आने पर समस्त अभ्यागतों के साथ महाराज दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ जी तथा अपने परम मित्र अंग देश के अधिपति लोभपाद के जामाता ऋंग ऋषि को लेकर यज्ञ मण्डप में पधारे। इस प्रकार महान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्पूर्ण वातावरण वेदों की ऋचाओं के उच्च स्वर में पाठ से गूंजने तथा समिधा की सुगन्ध से महकने लगा। समस्त पण्डितों, ब्राह्मणों, ऋषियों आदि को यथोचित धन-धान्य, गौ आदि भेंट कर के सादर विदा करने के साथ यज्ञ की समाप्ति हुई। राजा दशरथ ने यज्ञ के प्रसाद चरा(खीर) को अपने महल में ले जाकर अपनी तीनों रानियों में वितरित कर दिया। प्रसाद ग्रहण करने के परिणामस्वरूप तीनों रानियों ने गर्भधारण किया। जब चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य, मंगल शनि, वृहस्पति तथा शुक्र अपने-अपने उच्च स्थानों में विराजमान थे, कर्क लग्न का उदय होते ही महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या के गर्भ से एक शिशु का जन्म हुआ जो कि नील वर्ण, चुंबकीय आकर्षण वाले, अत्यन्त तेजोमय, परम कान्तिवान तथा अत्यंत सुंदर था।

नवमी पूजन के बाद धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

हवन पूजन के बाद मनाई गयी रामनवमी-मन्दिरों में कराया गया कन्या भोज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। बदलते जमाने के चलते जिले में चैत्र नवरात्र पर नौ दिनों तक मां दुर्गा की श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन के बाद साझी संस्कृति के तहत रामनवमी पर्व पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक जगह-जगह कन्याओं को श्रद्धालुओं ने भोजन कराया। देवी-मन्दिरों में महिलाओं ने नेवज चढ़ाकर रामनवमी पर्व मनाया। श्रद्धालु जवारों के बीच कई स्थानों पर झूमते नजर आए। तीर्थ क्षेत्र पूरी तरह से राममय नजर आ रहा था। रामनवमी पर्व पर मुख्यालय में भव्य जुलूस निकाला गया।

गुरुवार को जिले में चैत्र नवरात्र पर विभिन्न देवी-मन्दिरों में खासी धूमधाम रही। सवेरे से लोगों ने कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोज कराकर यथा उचित दक्षिणा देकर खुद को धन्य किया। सवेरे-शाम मन्दिरो में श्रद्धालुओं की पूजन-अर्चन की भारी भीड़ उमड़ती रही। इस दच्चरान परम्परागत ढंग से चैत्र नवरात्र मनाने वाले श्रद्धालुओं ने अपने घरों में जवारे बोए थे। आज जवारों को लेकर श्रद्धालु देवी-मन्दिरों में जाकर परम्परागत करूओं व उमाह देवी-गीत हालांकि अब नई पीढ़ी के लोंगों की समझ से परे है। बावजूद इसके अभी भी जिले में अहिरन मोहल्ला व भोरोंपागा तथा बनाड़ी गांव समेत तमाम गांवों में गरीब तबके की बस्तियों में इन गीतों कच जानने वालों की कमी नहीं है। देवी मां की अराधना में इन गीतों को गाने वाले श्रद्धालु इस कदर मस्त हो जाते हैं कि वह अपनी सुध-बुध खोकर पूरी तरह से देवी भक्ति में लीन दिखते हैं। इन्हें देखने को आस-पास के लोग ही नहीं, बल्कि पास-पड़ोस के ग्रामीण भी इनके इस पर्व पर उत्साह



पूर्वक हिस्सा लेते हैं। सम्पन्न लोग यथोचित प्रसाद चढ़ाकर खुद को धन्य समझते हैं।

इस बार परम्परा से हटकर रामनवमी पर्व में भारी तादाद में मुस्लिम भाइयों ने हिस्सा लेकर साझी संस्कृति का परिचय दिया है। भगवान राम ने मयार्दा के तहत समता मूलक समाज की संरचना की कल्पना की थी। वह आदर्श राजा व प्रजापालक के साथ युद्ध भी मयार्दा में रहकर लड़ते रहे हैं। सभी लोगों को राम के आदर्शों का अनुसरण कर अपना जीवन धन्य बनाना चाहिए। आदर्श काम करने वाले प्रत्येक महान व्यक्ति को सौ वर्ष बाद लोग भगवान का स्वरूप मान लेते हैं। इस पावन पर्व पर सभी लोग भ्रष्टाचार समाप्त करने का संकल्प लें। यहां जिला मुख्यालय में पुरानी बाजार स्थित काली देवी मन्दिर में आज देवी भक्तों की ऐसी भीड़ उमड़ी कि लोगों को देवी के दर्शन करने को घण्टों लाइन लगानी पड़ी। तरोहा के झारखण्डी देवी व बन्धोइन की काली देवी तथा लालापुर की असावर माता के मन्दिरों में तमाम श्रद्धालु व महिलाओं के पूजन-अर्चन करने में खासा विलम्ब हुआ। जल्दबाजी में मन्दिर का पण्डा पूजन सामग्री लोगों को अदल-बदल कर देता रहा, लेकिन किसी ने इसका प्रतिवाद नहीं किया।

तीर्थक्षेत्र में 12 बजते ही गूंजी राम धुन

चित्रकूट। भगवान राम की तपच्स्थली पर रामनवमी की धूम रही। तीर्थ क्षेत्र के मठ-मन्दिरों की आकर्षक सजावट की गई। सवेरे से भगवान राम के जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां होती रहीं। फलाहरी व पकवानों को परोसा गया। जैसे ही घड़ी में 12 बजे की घण्टी सुनायी पड़ी। वैसे ही पूरे क्षेत्र में भये प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशिल्या हितकारी की आवाज गूंज उठी। भक्तगण एक-दूसरे को भगवान राम के जन्मोत्सव की बधाई देने लगे। मन्दिरों में घण्टे घड़ियाल केसाथ भक्ति गीत-संगीत गूंजता रहा। देर शाम तक मन्दिरों में भण्डारे चलते रहे। रामघाट से छोटी परिक्रमा करने को राम दल निकला। निर्मोही अखाड़ा से हाथी-घोड़ा पालकी व बैण्डबाजे के साथ भगवान राम की शोभा यात्रा परिक्रमा मार्ग पर निकली। इसका जगह-जगह पर भक्तों ने रोककर स्वागत किया। भक्तों ने दोपहर 12 बजे से रामनवमी पर रातभर भजन-कीर्तन गाये। जानकीकुण्ड स्थित कांच मन्दिर में जगदगुरु रामभद्राचार्य ने भक्तों को राम के चरित्र एवं कृतित्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि राम ने हर कार्य मयार्दा में रहकर किया है। उन्होंने पिता व मां की आज्ञा का पालन करने में कोई चूक नहीं की। 14 वर्ष तक माता-पिता के आदेश पर वनवास में रहे। मौजूद महिलाओं ने राम जन्म पर सेहर व बधाई गीत गाकर तीर्थक्षेत्र को राममय कर दिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर फूलों की वर्षाकर खिलौने व टाफियां बांटी गईं। सभी लोगों ने यथाउचित प्रसाद ग्रहण किया। निर्मोही अखाड़ा में 14 वटुकों का यज्ञोपवीत वैदिक विधि से सम्पन्न कराया गया।

फटाफट खबरें

रामनवमी पर्व पर दीपोत्सव की करे चौकस व्यवस्था: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने रामघाट परिक्रमा मार्ग का औचक निरीक्षण कर दीप उत्सव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी से कहा कि रामघाट पर जहां मंच बनाया गया है, वहां पर अच्छी तरह की लाइटिंग की व्यवस्था करा ली जाये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि पूरे रामघाट तथा परिक्रमा मार्ग की अच्छी से सजावट करायें, ताकि भव्य ढंग से दीप उत्सव मनाया जा सके। उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि दीपक जलाने को सभी मठ मंदिरों रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराएं।

निरीक्षण दौरान एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव असउि मौजूद रहे।

पंचायत कार्यालय में ताला जड़ सचिव ने ग्रामीणों की बढ़ाई मुसीबत, जरूरी दस्तावेज को भटक रहे ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी विकास खंड के ग्राम पंचायत में इन दिनों सचिव की मनमानी देखने को मिल रही है। तरांव ग्राम पंचायत सचिव सचिवालय में ताला जड़ काफी समय से लापता है। जो ग्रामीणों को लगातार मुसीबत बनता जा रहा है।

गुरुवार को ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से सचिवालय में ताला बंद है। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीण अब मनरेगा जॉब कार्ड पंजीयन समेत परिवार रजिस्टर, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य जानकारियों के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीण जब भी सचिवालय आते हैं तो पंचायत भवन कार्यालय में ताला जड़ा मिलता है। लगभग दो माह से सचिव ग्राम पंचायत नहीं आया है। ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल समेत कई जानकारियां नहीं मिल पा रही हैं, जबकि सूबे की सरकार लगातार ग्राम पंचायतों में विकास कार्य करा रही है। सचिव के नदारद होने से सभी कार्य अधूरे पड़े हैं। ग्रामीणो ने मांग उठाई कि सचिव पर कडी कार्रवाई की जाये।

सांसद ने रेल मंत्री से की मांग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सांसद आरके सिंह पटेल ने गुरुवार को भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंटकर संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट के लिए महत्वपूर्ण मांग उठाई है।

सांसद ने रेल मंत्री से कहा कि बरगढ़ रेलवे स्टेशन पर बुंदेलखंड एवं सारनाथ एक्सप्रेस का ठहराव किया जाये। उन्होंने कहा कि अतर्रा रेलवे स्टेशन पर बरौनी एवं गोरखपुर स्पेशल ट्रेन का ठहराव कर खुरहंड स्टेशन पर चित्रकूट एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेस का ठहराव किया जाये।

सांसद ने रेल मंत्री से अतर्रा रेलवे क्रासिंग, खोह रेलवे क्रासिंग, मानिकपुर में सभी रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाये जाने बाबत मांग उठाई। रेल मंत्री ने सांसद को भरोसा दिया कि उनकी मांगों पर सार्थक पहल की जायेगी।

भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

जय जय घोष के साथ अभिजीत महूर्त में रघुवीर मन्दिर में हुआ श्रीराम जन्म

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भगवान श्रीराम के वनवास काल की साक्षी तपोभूमि चित्रकूट के रघुबीर मन्दिर (बड़ी गुफा) सदगुरुदेव श्री रणछोड़दास जी महाराज के आश्रम में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही मन्दिर में दर्शनार्थियों का तांता लगने लगा। सुबह श्री रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सम्पन्न हुआ। ठीक 11 बजे से मन्दिर प्रांगण में बधाई गीतों का गायन भक्तिभाव से हुआ। पुष्पों की होली खेली गई।

ठीक दोपहर 12 बजे शंख, घण्टे और घड़ियाल ढोल नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मन्दिर के कपाट पुजारी ने खोले। भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, नयनाभिराम

श्रृंगार में सुसज्ज भगवान युगल सरकार की आरती देखने एवं दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की स्तुति की एवं एक दूसरे को राम जन्म की बधाई दी। इसके बाद जन्मोत्सव के निमित्त साधु, अभ्यागत का भंडारा आयोजित किया गया। भगवान के जन्मोत्सव का पूजन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती रूपल मफतलाल ने सपरिवार किया, साथ ही नव दिवसीय रामकथा के व्यास पूज्य जगद्गुरु श्री रामदिनेशाचार्य जी महाराज, ट्रस्टी डॉ बी.के जैन, डॉ विष्णु जोबनपुत्रा,नंदा बल्लभ लोहनी, डॉ.इलेश जैन के साथ गुरुबहन दमयंती बेन, रमा बेन,मिलोनी बेन, भारती जोबनपुत्रा, उषा जैन, आचार्य भौतेश शास्त्री, अनिल शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री सहित हजारों की संख्या में भारत भर से आये गुरु भाई बहन, सन्त महन्त,विद्यार्थी एवं सदगुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ जैन ने सभी को रामजन्मोत्सव की बधाई दी है।

एसपी ने चौकीदारों को नकद पुरस्कार देकर किया उत्साहवर्धन

एसपी ने भरतकूप व सरधुवा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने सर्वप्रथम भरतकूप थाने का वार्षिक निरीक्षण में सर्वप्रथम गारद की सलामी ली। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर आगन्तुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क देखा। उन्होंने रजिस्टर में अंकित महिला शिकायतकताओं के मोबाइल नम्बर से वार्ता कर पुलिस की की गई कार्यवाही के सम्बंध में जानकारी ली।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से शिकायतकर्ता महिलाओं ने पुलिस की कार्यवाही से सन्तुष्टता जाहिर की। डयूटी में नियुक्त महिला आरक्षी को थाने पर आने वाली पीड़ितों से सरल एवं सद्भावनापूर्वक बात कर उनकी शिकायतों को सुनने के निर्देश दिये। मालखाना का निरीक्षण कर माल मुकदमाती वाहनों का मिलान कर भौतिक सत्यापन किया। थाना कार्यालय में

रजिस्टर नं 04, रजिस्टर 08, फ्लाईशीट, त्यौहार रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों को देखा। अभिलेखों का रखरखाव अच्छा मिला। बेहतर करने के निर्देश दिये। शस्त्रों का निरीक्षण कर थाने पर नियुक्त पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी ली। शस्त्रों की हैंडलिंग भी करायी। पुलिसकर्मी सफल रहे। पुलिसकर्मियों को ब्रीफ भी किया। थानाध्यक्ष भरतकूप को रोस्टर के अनुसार शस्त्रों की साफ सफाई एवं पुलिस कर्मियों को हैंडलिंग के सम्बंध में जानकारी देने के निर्देश दिए। भोजनालय एवं थाना परिसर की साफ-सफाई अच्छी मिली।

पुलिस विभाग की सबसे छोटी इकाई चैकीदारों को को अच्छा प्रदर्शन करते हुए सूचना तंत्र मजबूत करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र के पांच चैकीदारों को नगद पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। प्रहरियों को बताया कि सभी लोग अपने सूचना तंत्र को मजबूत कर पुलिस को सूचनायें दें। प्राप्त सूचना पर पुलिस सराहनीय कार्य करने पर सम्बन्धित ग्राम प्रहरियों को पुरस्कृत करेगी। थाना भवन अस्थायी है, स्थायी भवन निमार्णाधीन का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र करने को निर्देश दिये। निर्माण को गठित टीम को गुणवत्तापूर्ण कार्य जल्द कराने के निर्देश दिये।

निरीक्षण दौरान थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद, वाचक पुलिस अधीक्षक गुलाब त्रिपाठी, स्टेनो पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

चोरी करने वाले गिरोह के 5 शातिर सदस्य गिरफ्तार

बुलंदशहर। थाना ककोड पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर अजय नगर खंडहर भट्टे के पास से 05 अभियुक्तों को 55 किलोग्राम लोहे के रिंग, 05 किलोग्राम तांबे का तार, 02 अल्टीनेटर, 01 पानी का पंखा, 01 मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त) व अवैध असलहा मय कारतूस आदि सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर अग्रिम वैधानिक

कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-सतेन्द्र पुत्र मनवीर निवासी ग्राम मथुरा नागल थाना खानपुर बुलन्दशहर मनीष पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम मथुरा नागल थाना खानपुर बुलन्दशहर

तरूण पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मथुरा नागल थाना खानपुर बुलन्दशहर अंकित पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम मथुरा नागल थाना खानपुर बुलन्दशहर जितेन्द्र लोधी पुत्र प्रेमपाल लोधी निवासी मौहल्ला मुरादनगर कस्बा व थाना औरंगाबाद बुलन्दशहर सभी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है।

न्याय पाने के लिए कानून व अधिकारों की जानकारी जरुरी : सचिव

सुलतानपुर। अमहट स्थित जिला कारागार में बुधवार को आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में मौजूद महिला बंदियों को संबोधित करते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा ने कहा कि यदि महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहेंगी, तो उन्हें न्याय लेने में सहूलियत मिलेगी। इसलिए सभी महिलाओं को जागरूक होना जरूरी है। इस दौरान जिला कारागार में निरुद्ध महिलाओ को सचिव ने आयरन और कैल्शियम की दवा एवं सेनेटरी पैड वितरित किया। जेल अधीक्षक उमेश सिंह ने महिलाओं को अपने संबोधन में कहा कि उम्र के बढ़ते पड़ाव में कैल्शियम व आयरन की जरूरत सभी को होती है। उन्होंने इसकी व्यवस्था मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहकर करवाई है । इसलिए महिला बंदी चिकित्सकों के द्वारा दी जा रही सलाह के अनुसार ही दवाओं का सेवन करें। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ तारकेश्वर सिंह ने सिंह ने महिलाओं को कानून के बारे में बताया । कहा कि किसी भी जेल में निरुद्ध महिला को कानून की सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें न्याय दिलाया जा रहा है।

न्यूज झरोखा

नाबालिग के साथ दुष्कर्म का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

नगीना। पुलिस अधीक्षक बिजनोर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ ने उप निरीक्षक अशोक कुमार कां देशपाल सिंह व जयदेव सिंह को साथ लेकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म के नामजद मुख्य आरोपी उज्ज्वल चौधरी पुत्र पवन चौधरी निवासी ग्राम रशीदपुर गढी थाना कोतवाली शहर जिला बिजनौर को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया मामले के दूसरे आरोपी अनुज उर्फ छोटू को घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र ग्राम महावतपुर कला(पुरैनी)निवासी पीड़ित छात्रा की मा रितु द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया था कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री स्कूल से अपने घर वापस आ रही थी तो स्कूल के पास पहले से मौजूद उज्जवल चौधरी पुत्र नामालूम निवासी ग्राम रशीदपुर गढी थाना कोतवाली शहर जिला बिजनौर अपने दोस्त छोटू के साथ कार लेकर खड़ा था। उज्ज्वल चौधरी ने छात्रा को उसके घर तक छोड़ने की बात कह कर अपनी स्विफ्ट कार में बैठा लिया। कार उज्ज्वल चौधरी का दोस्त अनुज उर्फ छोटू चला रहा था। दोनों छात्रा को कार में बैठाकर जंगल में ले गए।आरोप है कि उज्ज्वल चौधरी ने कार के अंदर ही छात्रा के साथ रेप किया। विरोध करने पर उज्ज्वल व उसके दोस्त छोटू ने छात्रा के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता की मां के अनुसार छात्रा की उज्ज्वल चौधरी से पहले से ही पहचान थी। दरअसल रेप पीड़ित छात्रा बिजनौर थाना क्षेत्र के ग्राम रसीदपुरगढी में अपनी दादी के घर आती जाती रहती है।वहीं पर छात्रा की उज्जवल चौधरी से मुलाकात हुई थी। पुरानी जान पहचान होने के कारण ही उज्जवल चौधरी व उसका दोस्त छोटू उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपनी स्विफ्ट कार में बैठाकर जंगल में किसी सुनसान स्थान पर ले गये और उज्ज्वल चौधरी ने छात्रा के साथ कार में ही रेप किया।पीड़िता की मां के अनुसार उसकी पुत्री द्वारा विरोध किया गया तो दोनों आरोपियों ने लड़की के साथ बुरी तरह मारपीट की। किसी को भी बताने तथा पुलिस केस करने पर जाने से मारने की धमकी दी।

थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बिजनौर थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम रशीदपुर गढ़ी निवासी उज्ज्वल चौधरी और उसके दोस्त बिजनौर थाना शहर कोतवाली के ग्राम अमीरपुर गांगू निवासी अनुज उर्फ छोटू पुत्र गौतम सिंह के खिलाफ थाना नगीना पर मु0अ0सं0 86/23 धारा 363/ 376/ 323/506 भादवि व 3/4/16/17 पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर रेप पीड़ित छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया था पुलिस ने मामले के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है।

गरम गोश्त के धंधे की संचालिका महिलाओं ने अमीर बनने का शॉर्टकट रास्ता ढूंढ निकाला

नगीना। गरम गोश्त के धंधे की संचालिका महिलाओं ने अमीर बनने का शॉर्टकट रास्ता ढूंढ निकाला है, संचालिकाए दूरदराज स्थानों से आ रही युक्तिया को सेटिंग कर लाखों रुपए में शादी के नाम पर जरूरतमंदों को बेच रही है, जो 8 -10 दिन रहने के बाद माल समेट कर वापस लौट आती हैं, ऐसा राजस्थान का एक मामला नगर में चर्चा का केंद्र बना है।

पिछले काफी समय से नगर के कई मोहल्लों में लाइनपार लाल सराय पंजाबी कॉलोनी अंबेडकरनगर आदि मोहल्लों में खुलेआम गरम गोश्त का धंधा खूब फल फूल फूल रहा है इस कारोबार की संचालिकाओ इसके साथ साथ अमीर बनने का एक नया तरीका ढूंढ निकाला है इन संचालिकाओं के पास हरिद्वार, देहरादून, काशीपुर, जसपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, बिजनौर, धामपुर समेत विभिन्न शहरों और ग्रामीण क्षेत्र से युक्तियां आ रही है जो दोपहर को आकर तारों की छांव में अपने अपने स्थानों को लौट जाती हैं।

इस धंधे की संचालिकाओ ने रातो रात अमीर बनने का एक नया रास्ता खोज निकाला है उपरोक्त स्थानों से आने वाली युक्तियों से अपनी सेटिंग कर जरूरतमंद लोगों और युवाओं को तीन से चार लाख रुपए में शादी के नाम पर बेच देती हैं यह युक्तियां इतनी शातिरसे होती है कि ससुराल रूपी स्थान पर जाकर हफ्ता 10 दिन रहती है और मौका पाकर उसका माल समेटकर वापस लौट आती है। ऐसा ही एक मामला उस समय प्रकाश में आया जब राजस्थान के एक जरूरतमंद व्यक्ति को नगर की एक महिला ने युवती को 3 से 4 लाखों रुपए में किसी अनजान स्थान पर शादी करा कर बेच दिया वह युवती दुल्हन के रूप में राजस्थान चली गई लेकिन 1 सप्ताह के अंदर मौका पाकर उसका मालपानी समेट कर लौट आई, घटना से तीन-चार दिन बाद ही पीड़ित राजस्थान के कई लोग नगीना पहुंचकर चित्तौड़गढ पुलिस चौकी इंचार्ज से मिले और घटना के संबंध में आरोपी महिला के खिलाफ तहरीर देने लगे, लेकिन चौकी इंचार्ज ने कई घंटे बैठाने के बाद यह कहकर उनको टलका दिया की यह क्षेत्र उनके कार्य क्षेत्र में नहीं आता है। उन्हें थाने जाने को कहा। बेचारे पीड़ित राजस्थान के लोग मायूस होकर थाने पहुंचे या नहीं, यह तो अलग बात है।

लेकिन इतना जरूर है कि सैकड़ों मिलकर चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी पर पहुंचे। पीड़ित लोगों की मदद जरूर करनी चाहिए थी और आरोपी महिला के खिलाफ भी कार्यवाही होनी चाहिए थी ताकि इस तरह की घटनाओं का शिकार सीधे-साधे जरूरतमंद लोग ना हो। राजस्थान लोगों के ऊपर बुजुर्गों की यह कहावत चरितार्थ होती है - सर भी पीटा, और घर भी लुटा ।

म्यांमार सेना के 40 राजनीतिक दलों को खत्म करने के फैसले की अमेरिका ने कड़ी निंदा की

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका ने म्यांमार सेना के उस फैसले की कड़ी निंदा की है, जिसमें आंग सान सू की की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) सहित 40 राजनीतिक दलों को खत्म कर दिया गया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि म्यांमार में सभी हितधारकों की भागीदारी के बिना चुनाव को स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं माना जाएगा। उन्होंने आंग सान सू की अगुवाई वाली पार्टी एनएलडी सहित 40 राजनीतिक दलों को खत्म किए जाने के म्यांमार सेना के फैसले से संबंधित सवाल के जवाब में यह बात कही। म्यांमार सेना ने जल्द ही चुनाव का वायदा करते हुए नए सख्त चुनावी कानून के तहत राजनीतिक दलों को पंजीकरण के लिए दो माह का समय दिया था। म्यांमार की मौजूदा 90 पार्टियों में से 50 ने नए नियमों के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन किया था लेकिन आंग सांग सू की की एनएलडी सहित 40 राजनीतिक दल सत्तारूढ़ सेना की पंजीकरण समय सीमा को पूरा करने में असमर्थ रहे।

26/11 मुंबई हमला: आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटका, बचाव के लिए दायर हुई याचिका

काठमांडू। मुंबई हमले के आरोपी कनाडाई बिजनेसमेन तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटक गया है। ऐसे में आरोपी ने इस मामले में अमेरिका की अदालत में वर्तमान स्थिति पर चर्चा के लिए याचिका दायर की है। बता दें कि तहव्वुर राणा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले में आरोपी है और अमेरिका की जेल में बंद है। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का मामला बीते 20 महीनों से अमेरिकी की अदालत में अटका हुआ है लेकिन अदालत उस पर सुनवाई नहीं कर रही है।

बीते दो साल से नहीं हो रही सुनवाई

भारत सरकार ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की अपील की थी और अमेरिकी सरकार को उसके मुंबई हमले में शामिल होने के सबूत भी सौंपे थे। इसके बाद अमेरिका की सरकार ने लॉस एंजेलेस की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से अपील की थी कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित कर दिया जाए। हालांकि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैक्लीन चूलजियान ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण मामले पर आखिरी सुनवाई जून 2021 में की थी और इस मामले से संबंधित दस्तावेज जुलाई 2021 में भरे गए थे।

उसके बाद से तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण अटका हुआ है। अब जेल में बंद तहव्वुर राणा के वकील ने इस मामले में वर्तमान स्थिति पर चर्चा के लिए याचिका दायर की है। इस मामले में वर्तमान स्थिति पर चर्चा आगामी 25 अप्रैल को हो सकती है।

मुंबई हमले की साजिश में शामिल था राणा

तहव्वुर राणा मुंबई आतंकी हमले के आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का बचपन का दोस्त है और उसे बीते साल जून में लॉस एंजेलेस में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि तहव्वुर राणा भी मुंबई हमले की साजिश में शामिल था और वह डेविड कोलमैन हेडली के इरादों के बारे में भी जानता था। तहव्वुर राणा ने हेडली की मदद भी की थी और दोनों के बीच कई मुलाकात भी हुई थी। राणा जानता था कि हेडली आतंकी हमले की योजना बना रहा है। बता दें कि साल 2008 में हुए मुंबई हमले में कुल 166 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे।

भारतीय मूल के अजय बंगा के खिलाफ किसी ने नहीं की दावेदारी, विश्व बैंक का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय

वाशिंगटन। भारतीय मूल के अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। नामांकन समाप्त हो गए। किसी भी अन्य देश ने सार्वजनिक रूप से वैकल्पिक उम्मीदवार का प्रस्ताव नहीं दिया है। मतलब बंगा के खिलाफ कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं है। मास्टरकार्ड इंक के पूर्व सीईओ को राष्ट्रपति जो बाइडेन का पिछले महीने समर्थन मिला था, जब वर्तमान अध्यक्ष डेविड मलपास ने लगभग एक साल पहले पद छोड़ने की योजना की घोषणा की थी। भारत ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है।

मलपास का भी निर्विरोध चुनाव हुआ था

ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक, 2019 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मलपास को नामित किया था। मलपास का चुनाव भी निर्विरोध ही हुआ था। इस पद पर हमेशा से अमेरिकी उम्मीदवार का ही चयन होता रहा है। अमेरिका के अलावा किसी भी देश ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। विश्व बैंक के नियम सदस्य देशों को एक समयावधि के दौरान नामांकन करने की अनुमति देते हैं, जो बुधवार दोपहर को खत्म हो चुका है। ऐसे में अजय बंगा के सामने कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है। फरवरी के अंत में नामांकन शुरू हुआ था।

अमेरिका में ताइवान की राष्ट्रपति का जोरदार स्वागत, नाराज चीन ने दी चेतावनी

बीजिंग। अमेरिका की दस दिनों की यात्रा पर पहुंचीं ताइवान की राष्ट्रपति त्साइ इंग-वेन का जोरदार स्वागत हुआ है। इस यात्रा से नाराज चीन ने ताइवान की राष्ट्रपति को अमेरिकी हाउस स्पीकर से न मिलने की चेतावनी दी है।

अमेरिका से रिश्तों को लेकर चीन से लगातार बढ़ते विवाद के बीच ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने दस दिनों की अमेरिकी यात्रा शुरू की है। अमेरिका पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत त्साई इंग-वेन ने कई तस्वीरें ट्वीट कर लिखा कि वे अमेरिका में अपने स्वागत से प्रफुल्लित हैं। ताइवानी अमेरिकियों ने अमेरिका और ताइवान के झंडों के साथ उनकी अगवानी की। वे गाड़ी से उतरकर उनसे मिलने भी गयीं। रास्ते पर स्वागत के लिए खड़े लोगों का उन्होंने अभिवादन किया। साथ ही उन्होंने ताइवान के संबंध में लोगों से उनकी राय भी मांगी है। उन्होंने कहा कि ताइवान को दुनिया से जुड़ने का पूरा अधिकार है। चीनी दबाव हमारे दृढ़ संकल्प को अंतरराष्ट्रीय समाज की ओर बढ़ने से नहीं रोक पाएगा। ताइवानी शांत, आत्मविश्वासी, समझौता न करने वाले और बिना उकसावे वाले हैं।

ताइवान की राष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा चीन को अच्छी नहीं लग रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ताइवान की स्वतंत्रता की अलगाववादी ताकतों का समर्थन करने के लिए सांठगांठ करता रहता है। अमेरिका से ऐसे खतरनाक कृत्यों को रोकने के लिए कहा है, जो चीन-अमेरिका के संबंधों की राजनीतिक नींव को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि अगर ताइवान की राष्ट्रपति अमेरिकी हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी से मिलती हैं, तो वह पूरी तरह से हमला करेगा, क्योंकि बीजिंग अपनी संप्रभुता के उल्लंघन पर चुप नहीं बैठेगा।

अमेरिका ने चीन से ताइवान के खिलाफ आक्रामक गतिविधि बढ़ाने के बहाने ताइवान के राष्ट्रपति द्वारा अमेरिका की यात्रा का उपयोग नहीं करने को कहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन का अमेरिका पहुंचना एक नियमित यात्रा है। चीन को ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास किसी भी गतिविधि को बढ़ाने के बहाने के रूप में इस यात्रा का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी चीजों के तनावपूर्ण होने से अवगत है किन्तु चीन को बातचीत का रास्ता खुला रखना चाहिए।

नेपाल में सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर वीरगंज के पांच औद्योगिक इकाई पर 15 लाख जुर्माना

मोतिहारी। नेपाल के वीरगंज महानगर पालिका ने सरिसवा नदी में कूड़ा कचरा और रसायन गिरा कर प्रदूषित करने के आरोप में पांच फैक्ट्रियों पर 15 लाख रुपये जुर्माना किया है। महानगर पालिका के प्रमुख प्रशासकीय अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पौडेल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई मेयर राजेश मान सिंह के निर्देश पर बनी सरिसवा नदी प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष उप मेयर इम्तियाज अली के नेतृत्व में गठित टीम के अनुशंसा पर की गई है। उन्होंने बताया कि टीम ने वीरगंज औधोगिक कारिडोर में महानगरपालिका-वार्ड 21में अवस्थित ग्लोबल लेदर उद्योग प्राइवेट लि. अर्निका प्रोसेसिग उद्योग प्रा. लि., श्रीसिधी

टेक्सटाईल्स प्रा. लि., मोरियम लेदर उद्योग प्रा.लि. और वार्ड नम्बर 32 में अवस्थित दुर्गा पुल्प एण्ड पेपर प्रा.लि.पर जुर्माना किया है। सभी औद्योगिक इकाई पर तीन तीन लाख रुपये यानी कुल 15 लाख का जुर्माना किया गया है। साथ ही उन्हें सात दिन के भीतर जुर्माना का भुगतान करने को कहा गया, नहीं तो कानूनी कर्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा कि नेपाल के बारा जिला के सिमरा के राम वन से निकलर वीरगंज व भारतीय शहर रक्सौल होते हुए सिकरहना नदी में विलीन होने वाली सरिसवा नदी में प्रदूषण फैलाने को लेकर वीरगंज औद्योगिक कॉरीडोर के करीब पांच दर्जन फैक्ट्री चिन्हित किए गए हैं। जो फैक्ट्री के उत्सर्जित जल को बिना शोधन किये सरिसवा नदी में सीधे कचरा और केमिकल आदि को प्रवाहित कर रहे हैं।जिन्हे नोटिस भेजा गया।अगर इन फैक्ट्री के रवैया में बदलाव नही होता है,तो उन पर भी जल्द ही कानूनी कार्रवाई होगी।

राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश कोर्ट जाएंगे ललित मोदी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भगोड़े ललित मोदी पर हमलावर रहे हैं। अब ललित मोदी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश कोर्ट में जाएंगे। ललित मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि वह दोषी करार नहीं दिए गए हैं और देश के सामान्य नागरिक हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी को मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामले में सूरत कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद संसद की सदस्यता गंवानी पड़ी। जिसके बाद ललित मोदी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा उन्हें भगोड़ा बोले जाने पर सवाल उठाते हुए कहा है कि आखिरकार वह कब दोषी करार दिए गए? इसलिए उन्होंने कम-से-कम राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश कोर्ट जाने का फैसला किया है। ललित मोदी ने राहुल गांधी को ठोस सबूतों के साथ आने को कहा है।

पाकिस्तान : पंजाब के चुनाव टले, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मतदान आठ अक्टूबर को

इस्लामाबाद। जल्दी चुनाव कराने के लिए पाकिस्तान के पंजाब व खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में अपनी सरकारें गिराकर विधानसभा भंग कराने वाले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान चुनाव आयोग ने एक और झटका दिया है। आयोग पंजाब के चुनाव फिलहाल टालते हुए खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आठ अक्टूबर को मतदान कराने का एलान किया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिराए जाने के बाद उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सत्ता वाली पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय विधानसभाओं को भी भंग कर नए चुनाव की मांग की गयी थी। इस पर पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने नियमों के तहत पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्यों में जल्द प्रांतीय चुनाव कराने का आदेश दिया था। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 30 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। हालांकि सुरक्षा कारणों के चलते पाकिस्तान चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों को कुछ समय के लिए टालने का फैसला किया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ

पार्टी की लगातार मांग के बावजूद पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पंजाब के चुनाव फिलहाल टाल दिये हैं। चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चुनाव की तारीख का एलान कर दिया। एलान के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के प्रांतीय चुनाव के लिए 8 अक्तूबर को वोट डाले जाएंगे। इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के गवर्नर ने 28 मई को चुनाव होने की बात कही थी। हालांकि सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए गवर्नर ने चुनाव आयोग से अपील की थी कि राज्य में 8 अक्तूबर तक चुनाव ना कराए जाएं। चुनाव आयोग के इस फैसले को इमरान खान की पार्टी के लिए झटका माना जा रहा है जो पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में जल्द चुनाव कराने की मांग कर रही है। इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने चुनाव टाले जाने पर नाखुशी जाहिर की है। पंजाब के चुनाव टालने के फैसले के खिलाफ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जाने का फैसला किया है।

अमेरिका में वीजा सुधार की पहल, संसद में पेश किया गया द्विदलीय कानून

वाशिंगटन। अमेरिका में विदेशों से आने वाले कामगारों की मदद के लिए वीजा सुधार की पहल हुई है। प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने संसद के उच्च सदन (सीनेट) में एच-1बी और एल-1 वीजा कार्यक्रमों में व्यापक बदलाव लाने और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता लाने संबंधी एक द्विदलीय कानून पेश किया है। यदि यह कानून पास होता है तो अमेरिका पहुंचने वाले विदेशी कामगारों का शोषण रोकने के साथ उनसे दुर्व्यवहार में भी कमी आएगी।

दो प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों डिक डर्बिन और चक ग्रासली द्वारा अमेरिकी संसद में पेश कानून को सांसद टॉमी ट्यूबरविल, बर्नी सैंडर्स, शेरोड ब्राउन और रिचर्ड ब्लूमेंथल ने इसे समर्थन दिया है। अमेरिकी कंपनियां हर साल एच-1बी, एल-1 वीजा पर हजारों विदेशी कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिका संसद में लाए गए एच-1बी, एल-1 वीजा सुधार अधिनियम से आव्रजन प्रणाली में

धोखाधड़ी और दुरुपयोग कम होगा, अमेरिकी श्रमिकों और वीजा धारकों को सुरक्षा मिलेगी और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता होगी।

इस संबंध में जानकारी दी गयी कि प्रस्तावित कानून में एल-1 और एच-1बी वीजा पर आए कर्मचारियों को काम पर रखने, नए वेतन, भर्ती एवं सत्यापन जरूरतों के बारे में बताने तथा एच-1बी वीजाधारकों की नियुक्ति के इच्छुक नियोक्ताओं को इन नौकरियों के बारे में जानकारी श्रम मंत्रालय की वेबसाइट पर देने का प्रस्ताव दिया गया है। कानून में एल-1 कार्यक्रम में सुधार और विदेशी सहयोगियों को सत्यापित करने में विदेश मंत्रालय से सहयोग को अनिवार्य करना भी प्रस्तावित है।

कोलंबिया: सैन्य अड्डा पर विद्रोही समूह ईएलएन का हमला, नौ सैनिकों की मौत

बोगोटा। दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में विद्रोही समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) ने सैन्य अड्डे पर हमला कर दिया। हमले में नौ सैनिकों की मौत हो गयी। कोलंबिया में नेशनल लिबरेशन आर्मी यानी ईएलएन गुरिल्लाओं के रूप में चर्चित विद्रोही समूह है। पूर्वोत्तर कोलंबिया के नॉर्टे डी सैंटेंडर प्रांत के कैटेटुम्बो क्षेत्र में को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलंबिया की राष्ट्रीय सेना के

कमांडर जनरल लुइस मौरिसियो ओस्पिना ने स्थिति का निरीक्षण करने के लिए नॉर्टे डी सैंटेंडर प्रांत का दौरा किया। कोलंबिया के प्रांत नॉर्टे डी सेंटेंडर के गवर्नर सिल्वानो सेरानो ने कहा कि मारे गए सैनिकों को क्षेत्र में तेल के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए नॉर्टे डी सेंटेंडर में तैनात किया गया था। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैनिकों पर गुरिल्ला हमले की निंदा की। गुस्तावो पेट्रो ने ट्वीट कर कहा कि नेशनल लिबरेशन आर्मी शांति और लोगों से पूरी तरह से अलग हो गया है। गुस्तावो पेट्रो का प्रशासन गुरिल्ला समूह के साथ संघर्ष विराम पर बातचीत कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में, कोलंबिया सरकार के वार्ताकारों और नेशनल लिबरेशन आर्मी ने एक संशोधित शांति वार्ता एजेंडा पेश किया। संशोधित एजेंडे में शीघ्र युद्धविराम की संभावना शामिल है। समझौते का प्रस्तावित प्रारूप 2017 में गुरिल्लाओं और कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति जुआन मैनुअल सैंटोस के बीच शुरू में सहमत हुए शांति वार्ता एजेंडे का एक संशोधित संस्करण है।

लंबे विरोध के बाद इस्राइल में रुका न्यायिक सुधार, क्या वैश्विक दबाव से झुके नेतन्याहू

वाशिंगटन। लगातार जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपने 'न्यायिक सुधार कानून' को फिलहाल वापस ले लिया है। कानून को 'अस्थायी रूप से' वापस लेते हुए नेतन्याहू ने कहा कि अपने विरोधियों को 'संवाद का वास्तविक मौका' दे रहे हैं। देश में सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों को नियंत्रित करने वाले कानून के खिलाफ लगभग तीन महीने से इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। मार्च के शुरुआत में देश की सेना के भीतर भी विरोध देखने को मिला था।

इस्राइल में 'न्यायिक सुधार कानून' पर क्या हो रहा है?

विवादास्पद न्यायिक कानून सुधारों को लेकर लोगों की नाराजगी झेल रहे इस्राइल के

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को घोषणा करते हुए कानूनों को अस्थायी रूप से रोक दिया। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल ओत्जमा येहुदित ने बताया है कि इन कानूनों को टालने को लेकर पीएम नेतन्याहू ने अपनी सहमति दे दी है।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वास्तविक अवसर देने के लिए संसद अवकाश के बाद तक विवादास्पद कानून पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि जब बातचीत के माध्यम से गृहयुद्ध से बचने का विकल्प होता है, तो मैं बातचीत के लिए समय निकाल लेता हूं... यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

क्या वैश्विक दबाव के चलते रुका कानून?

इस्राइली राष्ट्रपति आइसेक हरजोग ने सोमवार को प्रधानमंत्री से बात की थी। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को समझाते हुए कहा था कि आज विश्व की नजरें हम पर ही हैं। देश की एकता की जिम्मेदारी के लिए मैं आपसे न्यायिक प्रक्रिया पर रोक लगाने का आग्रह करता हूं। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने भी नेतन्याहू से बात की। उनका कहना है कि मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि न्यायिक प्रणाली में किए जा रहे बदलाव को रोक दें। साथ ही बर्खास्त रक्षामंत्री को भी बहाल करें।

इस्राइल के सबसे बड़े श्रमिक संघ ने हड़ताल का आह्वान किया।

न्यायिक सुधार क्या हैं जिनका विरोध हो रहा है?

इस्राइल के न्याय मंत्री यारिव लेविन ने इसी साल जनवरी के पहले सप्ताह न्यायिक प्रणाली में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया था। न्यायिक प्रणाली में संशोधन के जरिए सरकार एक समीक्षा समिति के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के नामांकित व्यक्तियों में सुधार करने और संसद को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को अस्वीकार करने का अधिकार देने का प्रयास कर रही है। नेतन्याहू सरकार द्वारा प्रस्तावित नए कानून के तहत 120 सीटों वाली इस्राइली संसद में 61 सांसदों के साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द किया जा सकेगा। प्रस्तावित सुधार उस प्रणाली को भी बदल देगा जिसके माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है। इससे न्यायपालिका में राजनेताओं को अधिक नियंत्रण मिलेगा। 'न्यायिक सुधार' कानून की योजना न्याय मंत्री यारिव लेविन ने बीते चार जनवरी को पेश की थी। विपक्ष ने इसे सुप्रीम कोर्ट का गला घोंटने की कोशिश बताया। इस्राइल में लिखित संविधान नहीं है, इसलिए वहां शासन तंत्र में संतुलन बनाए रखने में सुप्रीम कोर्ट की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

सीतारमण से मिले जगन रेड्डी, लंबित कोषों को जल्द जारी करने का किया आग्रह

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। रेड्डी ने सीतारमण से राज्य के लंबित कोषों को जल्द जारी करने का अनुरोध किया।आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्री के साथ जगन मोहन रेड्डी की यह मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली।

इस दौरान उन्होंने गोदावरी नदी पर पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए 55,657 करोड़ रुपये के लागत अनुमान को जल्द मंजूरी देने का अनुरोध वित्त मंत्री से किया। इसके अलावा रेड्डी ने राज्य पर आर्थिक दबाव को दूर करने के लिए सभी लंबित वित्तीय कोषों को भी जल्द मंजूरी देने की बात कही। जगन रेड्डी ने इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।